सुविचार

मेरी काबिलियत
हर मुश्किल पर
भारी है क्योंकि
जी तोड़ मेहनत
मेरी वफादारी है
..!!

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-19 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 16 जून 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

Legal advice- सामान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाता है,कब नहीं जानिए।

जब से नारी स्वतंत्रता एवं सामाजिक न्याय की लहर चली है, समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग बढ़ी हैं। अब यह करीब-करीब सुनिश्चित सा है कि समान कार्य के लिए समान वेतन मिलना ही चाहिए। भारतीय संविधान अधिनियम,1950 का अनुच्छेद 39 भी राज्य को यही निर्देश करता हैं कि राज्य व्यक्ति को समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में कहा है कि समान कार्य के लिए समान वेतन का नियम ऐसे मामलों में लागू नहीं होता है जिनमे अस्थायी पदों पर भर्ती की गई हो एवं भर्ती की शर्तें अन्य नियमित पदों पर भर्ती की शर्तों से अलग हो। कुल मिलाकर कहे तो अस्थायी पदों पर भर्ती की शर्तें, भर्ती का तरीका एवं कार्य की प्रकृति नियमित पदों से भिन्न हो वहाँ समान वेतन का दावा नहीं किया जा सकता है।

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

कब समान कार्य के लिए समान वेतन का दावा किया जा सकता है जानिए?

सिसिर कुमार मोहन्ती बनाम स्टेट ऑफ उड़ीसा- उक्त मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अभिनिर्धारित किया गया कि समान कार्य के लिए समान वेतन के लिए निम्न योग्यता आवश्यक हैं-

1. नियुक्ति प्रक्रिया एक समान हो।
2. योग्यताएं समान हो।
3. केडर या पद की स्थिति समान हो।

कब समान कार्य के लिए समान वेतन का दावा नहीं किया जा सकता है जानिए?

स्टेट ऑफ़ ओडिसा बनाम बलराम साहू- मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने अभिनिर्धारित किया है कि अस्थायी कर्मचारी, स्थायी कर्मचारी के समतुल्य वेतन नहीं दिया जा सकता है, क्योंकि स्थायी कर्मचारियों के कर्तव्य और दायित्व, अस्थायी कर्मचारियों से अधिक होते हैं।

क्या है प्रतिरूपण छल, का अपराध जानिए/legal advice........

स्वयं को अधिकारी, हमशक्ल,कुंवारा,पुजारी, मजिस्ट्रेट,कम्पनी का मालिक संचालक,जाति,धर्म छुपाकर शादी या नोकरी करना आदि भारतीय दण्ड संहिता की धारा 416 के अंतर्गत प्रतिरूपण छल का अपराध होता है। इस अपराध के लिए दण्ड का प्रावधान भारतीय दण्ड संहिता की धारा 419 में किया गया है, यह अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है। सजा- इस अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 419 का अपराध एक शमनीय अपराध है जानिए?

दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा(1) के अनुसार प्रतिरूपण छल का अपराध एक समझौता योग्य अपराध हैं इसका समझौता बिना न्यायालय की आज्ञा अर्थात न्यायालय के बाहर ही उस व्यक्ति से किया जा सकता है जिसके साथ छल किया गया हैं।

98.51 प्रतिशत लाड़ली बहनों को हुआ है 1000 रूपए का भुगतान : मुख्यमंत्री श्री चौहान

शेष रही बहनों को भुगतान कराने में अधिकारी लेंगे जन-प्रतिनिधियों का सहयोग

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एवं मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना की समीक्षा

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना और मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजनाएँ अद्भुत हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर कार्य हुआ है। इसके लिए मंत्रीगण, विधायक, जन-प्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब तक एक करोड़ 18 लाख 22 हजार 624 लाड़ली बहनों को सफल भुगतान किया जा चुका है, जिसका प्रतिशत 98.51 है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अधिकारियों को लाड़ली बहना योजना में राशि अंतरित नहीं होने वाली बहनों की मदद करने के लिये जन-प्रतिनिधियों से सहयोग लेने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व भवन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना और मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव कृषि श्री अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव सहकारिता श्री उमाकान्त उमराव, प्रमुख सचिव विज्ञान एवं तकनीकी श्री निकुंज श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

शीघ्र कराया जायेगा शेष लाड़ली बहनों के खाते में भुगतान

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बैठक में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में राशि अंतरण के बाद शेष रही बहनों को भी खाते में शीघ्र पैसा पहुँचाने के लिये सभी आवश्यक प्रयास तत्परता से करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन एक लाख 78 हजार 891 बहनों के खाते में राशि नहीं पहुँची है, उनसे आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त कर बैंक को उपलब्ध कराई जाये, जिससे उनके खाते में भुगतान हो सके।

असफल भुगतान प्रकरणों के निराकरण के लिये की जा रही कार्यवाही

समस्त लाड़ली बहनों को एसएमएस कर भुगतान असफल होने की जानकारी दी जा रही है। संदेशों के द्वारा असफल होने के कारण और उनके निराकरण के लिये सुझाव भी प्रेषित किये जा रहे हैं। जिले और स्थानीय निकाय स्तर पर प्रत्येक लाड़ली बहना के भुगतान असफल होने का कारण और निदान प्रदर्शित किया जा रहा है। जिला स्तर से निराकरण के बाद लाड़ली बहनों को भुगतान किये जाने की पुन- कार्यवाही की जानकारी पोर्टल के माध्यम से दी जायेगी।

टी.टी. नगर स्टेडियम में समर कैम्प का समापन

समर कैम्प के 17 खेल के सबसे प्रतिभावान 34 खिलाड़ियों को मिलेगा एक साल का निःशुल्क प्रशिक्षण

15 अप्रैल से 15 जून तक समर कैम्प में 4158 खिलाड़ियों ने की भागीदारी

भोपाल। टी.टी. नगर स्टेडियम में 15 अप्रैल से 15 जून, 2023 तक हुए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर (समर कैम्प) का संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्री रवि कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को समापन हुआ। समर कैम्प में इस वर्ष रिकार्ड 4158 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। उल्लेखनीय है कि तात्या टोपे स्टेडियम के समर कैम्प में 17 खेलों में 75 प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। संचालक श्री गुप्ता ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षकों की अनुशंसा पर समर कैम्प के 17 खेलों के सबसे प्रतिभावान 34 खिलाड़ियों को एक साल का निःशुल्क प्रशिक्षण दिये जाने की घोषणा की। उन्होंने कैम्प की सफलता पर खिलाड़ियों, अभिभावकों, विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया की पहल पर ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रदेश भर में हुआ है। इसमें प्रदेश भर में एक लाख से अधिक बच्चे खेलों से जुड़े है।

प्रतिभा चयन

समर कैम्प से चुने हुए सबसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षकों द्वारा चिन्हित किया गया है। चिन्हित खिलाड़ियों में प्रत्येक खेल से एक बालक और एक बालिका खिलाड़ी शामिल है। बैडमिंटन - कृष्णा, खुशी, एथलेटिक्स - सुमित पटेल, अंशिका द्विवेदी, ताईक्वाडो- योगेश कोतवाल, कनिष्का राठौर, कराते - कुशाग्र, साक्षी सेनी, फेंसिंग- आर्य पटेल, तान्या मालवीय, कुश्ती- चेतन यादव, रिया दंग, स्केटिंग- कुराना कुशवाह, हानिया अतीफ खान, जूडो- आयुश श्रीवास, अदिति पांडे, टेनिस- सईद हबीब एहमद, तृप्ति माली, टेबल टेनिस- हर्ष शिल्पी, प्राशी प्रजापति, कबड्डी- कनिष्क जोशी, नेहा यादव, बॉक्सिंग- भास्कर, अंशिका, स्कवैश- तौहिद तनवीर, दीक्षा, जिम्नास्टिक- विनय डरिया, दीक्षा सेन, व्हॉलीबाल- प्रथमेश पाटिल, नत्या थाप्पा, बॉस्केटबाल- अमन थापा, अराधना जोगी, बिलियर्ड एंड स्नूकर- आनंदी। इन सभी खिलाड़ियों को एक वर्ष तक निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इन खेलों में प्रशिक्षण

समर कैम्प में बच्चों को कराते, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, फुटबाल, टेबिल-टेनिस, बॉक्सिंग, कुश्ती, ताइक्कांडो, कबड्डी, लॉन टेनिस, जिम्नास्टिक, जूडो, मलखम्भ योग, बास्केटबाल, बिलियर्ड एंड स्नूकर, फेंसिंग, स्केटिंग, स्कवैश, व्हॉलीबाल एवं एरोबिक में बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जूनियर इंजीनियर श्री जाटव के निधन पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शिवपुरी वृत्त अंतर्गत शिवपुरी संभाग-द्वितीय के कोलारस ग्रामीण वितरण केन्द्र में पदस्थ जूनियर इंजीनियर श्री नरोत्तम जाटव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे तथा प्रबंध संचालक श्री गणेश शंकर मिश्रा ने भी श्री जाटव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कोलारस में पॉवर ट्रांसफार्मर उतारते समय क्रेन पलट जाने से हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में श्री नरोत्तम जाटव का असामयिक निधन हो गया है। उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। ऊर्जा मंत्री ने शोक संतप्त परिवार को आश्वस्त किया गया है कि कंपनी की ओर से उनके परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी और जो विभागीय स्वत्व मृतक जूनियर इंजीनियर के परिवार को मिलना है उन्हें देने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जायेगी।

एआईएफ एवं एमपी फार्म गेट एप पर राजगढ़ में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

भोपाल। कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) और एमपी फार्म गेट एप के लाभों से किसानों को अवगत कराने के लिये राजगढ़ में मंडी बोर्ड भोपाल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला 2 सत्रों में हुई। कार्यशाला में बताया गया कि एआईएफ योजना में 2 करोड़ रूपये तक की योजना की स्वीकृति पर 3 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज की छूट हितग्राही को उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यशाला के दूसरे चरण में फार्म गेट एप के बारे में जानकारी दी गई। कृषकों को बताया गया कि फार्म गेट एप का उपयोग कर किसान अपनी फसल को अपने घर और खलिहान से ही अपनी इच्छा अनुसार किसी को भी बेच सकते हैं।

असम के मुख्यमंत्री ने की मध्यप्रदेश में स्वच्छता प्रयासों की सराहना

जल्द ही 25 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल असम से मध्यप्रदेश आयेगा

भोपाल। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य किया है।असम के वरिष्ठ अधिकारी और केबिनेट के सदस्यों सहित एक 25 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल भोपाल और इंदौर भेजा जाएगा, आप उनको गाइड कीजिएगा। मुख्यमंत्री डॉ. बिस्वा सरमा ने यह बात मध्यप्रदेश और असम की संयुक्त वीडियो कान्फ्रेंस में कही। बैठक में श्री सरमा के साथ उनके सभी केबिनेट सहयोगी, सभी जिलों के कलेक्टर्स और असम के नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश की ओर से नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह एवं राज्य मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया ऑनलाइन शामिल हुये। बैठक का उद्देश्य मध्यप्रदेश द्वारा शहरी स्वच्छता और लीगेसी वेस्ट के निपटान के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों से असम की शहरी विकास टीम को अवगत कराना था।

प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मंडलोई और आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री भरत यादव ने योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया। मध्यप्रदेश की उल्लेखनीय उपलब्धियों, रणनीति, भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। इंदौर और भोपालमें लीगेसी वेस्ट के निपटान के लिए विशेष प्रयासों के साथ ही प्रदेश में लगातार किए जा रहे व्यवहार परिवर्तन और संचार के प्रयासों से भी अवगत कराया गया। प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई ने मध्यप्रदेश शासन की ओर से असम के मुख्यमंत्री डॉ. सरमा को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश ने अपनी शहरी स्वच्छता यात्रा में कई कीर्तिमान स्थापित करके सम्पूर्ण देश का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया है। मध्यप्रदेश द्वारा किए जा रहे प्रयास, स्वच्छता सेवाएँ, कचरा प्रबंधन, व्यवहार परिवर्तन आदि के अनुभव देश में चर्चा का विषय हैं।

संविधान बचाओ मंच ने किया आमजन सभा का आयोजन

रायसेन। बस स्टैंड पर संविधान बचाओ मंच के तत्वाधान में आमजन सभा का आयोजन किया गया। इसमें संविधान बचाओ मंच के प्रदेश अध्यक्ष सहित अनेक नेता शामिल हुए। वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। संविधान बचाओ मंच के अधिकारियों ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान रायसेन की आम जनता से आवाहन किया गया कि रायसेन ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारत में संविधान की रक्षा का दायित्व प्रत्येक मानव का क्योंकि संविधान के माध्यम से ही आज प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता का समानता का पर अपनी बात रखने का अधिकार दिया है। संविधान इस देश के संपूर्ण व्यक्तियों की आन बान शान है उसकी रक्षा करना हमारा प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। संविधान बचाओ मंच आमजन सभा के अवसर पर संविधान बचाओ मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बोरसे, कार्यक्रम संयोजक एवं अहिरवार समाज संघ प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार जी, संविधान बचाओ मंच के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र अहिरवार, अहिरवार समाज संघ महिला प्रदेश अध्यक्ष संगीता गोलिया, जनपद सदस्य नयनतारा अहिरवार, रायसेन कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, रायसेन नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष प्रभात चावला और सैकड़ों जन सामान्य कार्यक्रम में शामिल हुआ।

अंकित डागोर बने आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) जिला अध्यक्ष

हल्के वीर

रायसेन। भीम आर्मी मध्य प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे भारत में कमजोर वर्ग, शोषित वर्ग, दवे कुचले वर्ग के लिए समाज सेवा का एक अच्छा काम करती है। वहीं दूसरी ओर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं का अच्छा प्रदर्शन होने के कारण उनको ऊंचे पद पर भी नियुक्त किया जाता है। भीम आर्मी की अपनी एक खुद की पार्टी है जिसको आजाद समाज पार्टी (कांसीराम) के नाम से जाना जाता है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी मान्यवर कांशी राम साहब जी की विचारधारा बहुजन हिताय बहुजन सुखाय को आगे बढ़ाने के लिए अंकित डागौर ने अच्छा प्रदर्शन किया है, इसके लिए उन्हें आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) जिला रायसेन के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। भीम आर्मी जिला अध्यक्ष जितेंद्र मूलनिवासी, राकेश अंबेडकर और सभी भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनको शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा पौधे रोपण किए गए।

NSS
B-CERTIFICATE
EXAM
2023

पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।। शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में मिशन लाईफ स्टाईल फ़ॉर एनवायरमेंट थीम के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपण किये। प्राचार्य डॉ. ओ एन चौबे ने कहा कि हमे ऐसे जीवन शैली को अपनाना है जिसमे हम पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुचाए एवं डॉ ईरा वर्मा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण को संरक्षण की शपथ दिलाई तथा सभी को पौधे लगाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में डॉ. अंजना यादव, डॉ बीएल राय, डॉ रूपा भवसार, श्रीमती अंजली भट्ट, श्रीमती मंजुला भूमकर, सुश्री शवनम कुरैशी, श्रीमती मेघा रावत, सुश्री रीनू वर्मा एवं डॉ श्री दिवाकर से।

लकड़ी माफियाओं के द्वारा भारी मात्रा में लकड़ियां काटी जा रही हैं

राजगढ़ से मुकेश अहिरवार की विशेष रिपोर्ट

राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ शहर से 5 किलोमीटर की दूरी ग्राम पंचायत पांजरा पंजीरी में ग्राम पंचायत पांजरा पांजरी में यूकेलिप्टस के पेड़ों की कटाई भारी मात्रा में कटाई की जा रही है स्थानीय जनप्रतिनिधियों का इस और नहीं है कोई ध्यान ग्राम पंचायत आंदलहेड़ा में भी लकड़ियों को काटा गया अवैध लकड़ी माफियाओं के द्वारा लकड़ी काटकर स्टॉक किया गया लकड़ियों का स्टॉप करने के उपरांत ट्रकों से भरकर बड़े मुनाफे के लिए भोपाल इंदौर जैसे बड़े शहरों में सप्लाई की जाती है।



आरम्भ कल्चरल एण्ड वेलफेयर, भोपाल की प्रस्तुति

महान रूसी लेखक
अंतोन चेखव
नाटकः– जूलिया

नाट्य परिकल्पना एंव निर्देशन
श्री विष्णु गर्ग

स्थानः–अभिनय मंच थियेटर (z6, Shriji Tower Besides IDFC Frist Bank) एम. पी. नगर जोन –1 भोपाल

दिनांकः 18–06–2023 समय :–शाम 7 बजे

नाटक के बारे में

कहानी में एक प्रेरक प्रसंग कि माध्यम से संकोची न बनने तथा अत्याचार के विरुद्व आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया है।

महान रूसी लेखक अंतोन चेखव की लिखित कहानी में, एक जूलिया नाम की लड़की, एक बड़े अमीर घराने में गर्वनेंस है। जो उस अमीर मालिक के दो छोटे–छोटे बच्चों को पढ़ाने लिखाने का कार्य करती है। बच्चों की पूरी देखभाल करने का कार्य करती है।उस घर का मालिक बहुत ही अनुशासित है, और नियम के अनुसार सख्त है। इस कारण वह मालिक, गर्वनेंस जूलिया को सैलरी देते समय उसकी बेवजह कोई न कोई कमी निकालकर उसकी सैलरी काट लेता है। जिसका जूलिया विरोध नहीं करती है।

लेखक ने बड़े जिम्मेदारी के साथ समाज को संदेश दिया है, कि जीवन में इतना भी सीधा नही होना चाहिए, कि कोई आपकी कमजोरी का फायदा उठा सके। पर लेखक ने पात्र के साथ पूरा न्याय किया हैं, और कहानी का अंत सुखद होता है।

मंच पर

अंतोन चेखव की भूमिका में:– विष्णु गर्ग

मालिकः–	फरहान बेग
जूलियाः–	बेबी यशस्वी
मेड / सरवेंटः–	साहिबा
युवकः–	रविन्द्र मोरे
फादरः–	विष्णु गर्ग
बच्चा –1:–	अनिरूध दत्त गर्ग
बच्चा– 2:–	युसुफ

....

मंच परे

मंच व्यवस्थापकः–	फरहान बेग
मंच सामग्री एंव निर्माणः–	रविन्द्र मोरे, अंबर अली अनिरूध दत्त गर्ग
रूप सज्जाः–	सीमा मोरे
वेशभूषाः–	कामना गर्ग
प्रकाश परिकल्पनाः–	सौलत यार खान

विशेष आभार एंव सहयोगः– श्री वसीम नाशवान भाई, अभिनय मंच थियेटर, श्री अली भाई, श्री दुर्गाशंकर लखेरा, श्री विकार खान (विक्की) श्री डॉ. आजम खान, श्री धन्नू रायकवार ।

अपनों से अपनी बात कार्यक्रम के तहत संयोजक लीलाधर अहिरवार द्वारा आज नरयावली विधानसभा के बम्होरी, मकरोनिया आदि जगह के जागरूक लोगों के बीच अपनी बात की इस अवसर पर अजाक्स के संभागीय महासचिव रामचरण अहिरवार, जिला महासचिव राजू पामाखेड़ी,चंद्रभान रोहित जी,रामसेवक राठौर,अशोक कुमार जी चढ़ार, रामकुमार सैयाम जी,खड़क सिंह ठाकुर,जी आदि शामिल रहे।

ड्राइंग पेंटिंग- क्राफ्ट वर्क का समर कैंप प्रारंभ

ज्ञानचंद शर्मा

सामाजिक कार्यों में सक्रिय भोपाल की संस्था आकार एवं संकुल केन्द्र शास. उ. मा. शाला बिहिया के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए चार दिवसीय ड्राइंग-पेंटिंग एवं क्राफ्ट वर्क का समर कैंप आज दिनांक 12 जून से प्रारंभ हुआ. इस समर कैंप में संकुल केन्द्र विढिया में संचालित 44 शालाओं के 300 से अधिक विद्यार्थी तथा 55 शिक्षक व अन्य स्टाफ सम्मिलित हो रहे हैं। विद्यार्थियों हेतु पूर्णतः निशुल्क इस कैंप में समस्त आवश्यक सामग्री जैसे कैनवास, कलर्स, पेंसिल, ड्राइंग शीट इत्यादि संस्था से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। 25 वर्षों से अधिक समय से चित्रकला के क्षेत्र में एक जाना माना नाम भावना चौधरी चंद्रा जी के साथ मोरध्वज प्रसाद तिवारी, बंशी मानशेर एवं आकार के संस्थापक श्री नीतेश नागेश जो कि स्वस्थ भारत अभियान के सह-संयोजक भी हैं, कार्य कैंप हेतु विधिया में उपस्थित है। इस कैंप में कक्षा 4 से 12 तक के विद्यार्थियों के साथ-साथ प्रत्येक शाला के एक शिक्षक को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। संकुल प्राचार्य संजय सिंह ने जानकारी दी कि प्रथम दिवस सभी प्रतिभागियों ने कैंप में उत्साह पूर्वक भाग लिया और कई बच्चों ने आश्चर्य जनक परिणाम दिए। कैंप में सभी प्रतिभागियों को चाय-नाश्ते की व्यवस्था भी की गई है। समापन दिवस 15 जून को प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्राथमिक माध्यमिक, हाईस्कूल व हायर सेकेन्डरी स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के विजेताओं को लायन्स क्लब फतेह - जबलपुर तथा स्पोर्टस सेंटर जवलपुर द्वारा पुरुस्कृत किया जाएगा। साथ ही के मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरुस्कार दिए जाएंगे।

किसान फसल बीमा खरीफ 2021 एवं रबी 2021-22 के फसल बीमा की राशि राजगढ़ जिले के मोहनपुरा स्थान में किया आयोजित

ज्ञानचंद शर्मा

मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना 2023 एवं किसान फसल बीमा खरीफ 2021 एवं रबी 2021-22 के फसल बीमा की राशि कृषकों के खाते में अंतरित की जानी थी जो प्रदेश स्तर पर राजगढ़ जिले के मोहनपुरा स्थान में आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह एवं प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एंव मंत्रीमंडल के सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसका लाईव टेलीकास्ट प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर एवं पैक्स समिति के मुख्यालय / ग्रामपंचायत भवन में आनलाईन / स्क्रीन एवं टेलीविजन के माध्यम से कृषकों की उपस्थिति में प्रसारण किया गया। जिलें में कलेक्ट्रेड भवन के आडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री अवधराज बिलैया जिला अध्यक्ष भाजपा, पूर्व अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह परिहार समाजसेवक श्री अवधिया जी मीडिया प्रभारी श्री सुधीर दत्त तिवारी एवं प्रशासन की ओर से संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा मैडम श्री रामबाबू देवागन एसडीएम, 4 उपसंचालक कृषि सुश्री चौरसिया मैडम, श्री सी.एस. मार्को सहायक आयुक्त सकारिता नोडल अधिकारी श्री जे.पी. द्ववेदी, कृषि एवं सहकारिता के अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित 415 से अधिक कृषकों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि श्री दिलया जी द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना हेतु जिले में पात्र कृषकों की संख्या 21419 मूलचन राशि 2951.34 ब्याज 1751.25 लाख कुल राशि 4702.59 लाख है जिसमें 1751.25 लाख की ब्याज माफी होनी थी, आवेदन प्रस्तुत कृषकों की संख्या 14702 की मूलधन राशि 2572.89 लाख ब्याज की राशि 1259.70 लाख सहित 38.32.59 लाख होती है जिसमे से ब्याज की राशि 1259.70 लाख रूपये व्याज माफी की जानकारी दी गई।

कार से लाई गई 44 लीटर अवैध शराब जब्त एक आरोपित गिरफ्तार

ज्ञानचंद शर्मा

डिंडौरी। कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से कार ले लाई गई पांच पेटी 44 लीटर शराब मंगलवार की रात जब्त की है। एक आरोपित को भी पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिलने मिलीं की अवंती बाई चौक से कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 7518 से अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए लाई जा रही है। कि मुखबिर सूचना पर अवंती बाई चौक से वार्ड नम्बर चार मस्जिद मोहल्ला मार्ग में घेराबंदी करने पर उक्त संदिग्ध सफेद रंग की कार को रोक कर उसे चैक करने पर वाहन की डिक्की में पांच पेटी अंग्रेजी शराब रखी मिली। चालक का नाम मुईन उर्फ गुल्लू खान उम्र 33 साल निवासी वार्ड नंबार पांच पीडब्लूडी कालोनी डिंडौरी बताया गया। मुईन खान से उक्त शराब रखने के वैध दस्तावेज मांग करने पर वह कोई दस्तावेज नही प्रस्तुत कर पाया। कार सहित शराब को जब्त किया गया। कार की डिक्की में दो कार्टून में 96 पाव मेकडावल विस्की शराब मिली, जिसकी कीमत 21120 रूपये और तीन कार्टून में जीनियस व्हिस्की कुल पाव 150 मिली जिसकी कुल कीमत 16500 रूपये है। कुल शराब 44.280 लीटर पाई गई जिसकी कुल किमती 37620 रूपये और कार की कीमती पांच लाख रुपये बताई गई है। आरोपित मुईन खान के विरूद्ध 34(1) आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया गया।

शराब ठेकेदार की गाड़ी है, नहीं जाएगी थाना यातायात आरक्षक से शराब ठेकदार के गुर्गे ने दिखाई दबंगई, जप्त किया गया वाहन

रोहित तिवारी (शहडोल)

शहडोल। एक बिना नंबर के चार पहिया वाहन कों ट्रेफिक पुलिस कर्मी द्वारा रोकने पर उसमे बैठे व्यक्ति ने धमकी देते हुए शराब ठेकदार के नाम पर जमकर रंगदारी दिखाई। हालांकि उसकी रंगदारी और शराब ठेकदार का नाम उसके काम नहीं आया और वारिष्ठ अधिकारियों कों सूचना देने के बाद उक्त वहाँ थाने भेज दिया गया। यह घटना आज शाम राजेंद्र टाकीज के पास घटित हुई। दरअसल बुधवार की शाम ट्राफिक आरक्षक विवेकानंद तिवारी राजेंद्र टॉकीज तिराहे पर अपनी ड्यूटी कर रहे थे, उसी दौरान सिल्वर कलर की बोलेरो वाहन पांडव नगर से गांधी चौक की ओर जा रही थी। वाहन मे आगे और पीछे दोनो तरफ गाड़ी नम्बर अंकित नहीं था। जिस पर ट्राफिक आरक्षक विवेकानंद तिवारी ने बोलेरो वाहन को रोका और वाहन चालक से नंबर नहीं लिखा होने का कारण पूछा। जिस पर वाहन के अंदर बैठे एक अन्य व्यक्ति ने अपना नाम ए के सिँह बताया और ट्रेफिक पुलिस कर्मी से बहस शुरू कर दी। ज़ब उक्त वाहन कों थाने ले चलने की बात यातायत पुलिस कर्मी ने कही तो गाडी मे अंदर बैठा युवक नाराज हो गया और बड़े ही धमकी भरे अंदाज मे कहा कि जानते नहीं हो ये गाड़ी शराब ठेकेदार ऋषि सिंह की है,थाने नहीं जाएगी। जो करना हैं आप कर सकते हो । इतने मे भी गाड़ी मे बैठे शराब ठेकेदार के गुर्गो ने ट्रैफिक आरक्षक से अभद्रता करते हुए कहा कि ना वाहन का चालान कटेगा और ना ही वाहन थाने जाएगा ,जिसके बाद आरक्षक ने मामले की जानकारी ट्रैफिक डीएसपी को दी। जानकारी लगते ही डीएसपी ट्रैफिक मुकेश दीक्षित मौके पर पहुंचे और वाहन में दोनों ओर नंबर ना होना एवं मौके पर चालक के द्वारा कागजात ना दिखाए जाने पर वाहन को जप्त कर यातायात थाने में ले जाकर सुरक्षा।

सद्गुरु कबीर एकता मंच पुष्पराजगढ़ के तत्वाधान में आयोजित कबीर प्रगट़ोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

कैलाश कुमार - सह संपादक(युवाप्रदेश)

अनूपपुर - राजेन्द्र ग्राम खेल मैदान में आयोजित हुई बैठक में महिलाएं बच्चे जवान बुजुर्ग महिला सभी महानुभावों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया था।सर्व प्रथम सद्गुरु कबीर साहेब की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित गई। पश्चात शोभा यात्रा निकाली गई सुसज्जित रथ पर सद्गुरु कबीर साहेब की प्रतिमा स्थापित कर साहेब के भजनो की ध्वनि और बैन्डबाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल महिलाओं की कतार एवं (श्वेत निशान) झन्डे लेकर चल रहे बीर भक्त कबीर साहेब के जयकारे एवं पड़ावों की गड़गड़ाहट से पूरा जनमानस हर्षित हो रहा था। राजेन्द्र ग्राम में मुख्य मार्ग से होते हुए बाजार से विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः वापस खेल मैदान में एक सभा के रुप में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम में शामिल पूरे क्षेत्र से पधारे संत महंत समस्त कबीर धर्म प्रेमी बच्चे जवान बुजुर्ग महिलाओं सभी की उपस्थिति में सद्गुरु कबीर साहेब जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सभी आगंतुक महानुभावों संतों महन्तो का स्वागत किया गया एवं उपस्थिति महानुभावों वक्ताओं द्वारा जयंती समारोह पर अपने बिचार ब्यक्त किए गए बिदित हो कि उक्त कार्य क्रम को सफल बनाने में एड.रामेश्वरजी चन्द्रा सी. आर. रविदास से.नि.शि.देवरी एड.विवेक कुमार कन्नौजिया राजकुमार कन्नौजिया राजेन्द्र ग्राम मुकेश कुमार जी एवं पूरे क्षेत्र के कबीर पंथी भाइयों ने अपने अनमोल सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महंत हीरादास जी महंत रंजीत साहेब दीवान बीरबलदास दीवान कोसादास जिलापंचायत सदस्या श्री मती भुवनेश्वरी जी (सभापति निर्माण समिति) प्राचार्य श्री धुर्वे जी, पूर्व बी.एम. ओ.श्री चौरसिया जी एवं पूरे पुष्पराजगढ़ क्षेत्र से कबीर धर्म प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन महंत हीरादास जी महंत रंजीत साहेब डॉ चौरसिया एवं अन्य बहुत से महानुभावों ने अपने बिचार ब्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन एड.चन्द्रा एवं अध्यक्षता सी.आर. रविदास से.नि.शिक्षक ने की एवं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्यक्रम में सहयोग देने वालोएवं पूरे क्षेत्र से पधारे बच्चे जवान बुजुर्ग महिलाए एवं समस्त कबीर धर्मप्रेमियों काआभार ब्यक्तकिया गया पश्चात अंत में उपस्थित जनसमूह के समक्ष सत्यपुरुष की आरती उतारी गई। प्रसाद वितरण किया गया एवं कार्यक्रम का समापन किया गया।

शासकीय हाई स्कूल उमरई बेहरा में सरकारी शिक्षक आदरणीय K C पटेल सर के अथक प्रयासों से विद्यालय का हुआ जीर्णोद्धार

हेमंत शाक्या की खास खबर

रायसेन। खबर तहसील सुल्तानपुर जिला रायसेन मप्र से हैं जहां ग्राम पंचायत उमरई बेहरा में स्थित शासकीय हाई स्कूल की है जहां विद्या का स्तर ओर विद्यालय का भवन जर्जर अवस्था में था। आदरणीय केसी पटेल सर ने इस विद्यालय में प्रभारी पद पर आते ही पूर्व की अपेक्षा विद्यालय का सर्वांगीण विकास करवाया। जिसमें उन्होने सभी सरकारी ओर अतिथि शिक्षकों से समय पर आने और पढ़ाई के लिए विन्रम निवेदन किया ओर विद्यालय परिसर की मरम्मत करवाई। इस कार्य में सरकारी अनुदान की अपेक्षा सर ने स्वयं की पूंजी का निवेश अधिक हुआ। उन्होने भवन की मरम्मत के साथ- साथ पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान दिया हैं। विद्यालय 7-8वर्षों से संचालित है किन्तु अभी तक 10वी का वार्षिक परिणाम कभी 0 , तो कभी 15%, तो कभी 30%रहा है, परन्तु सर के पहुंचते ही उन्होंने बच्चों ओर पालकों को पढ़ाई का महत्व समझाया ओर विशेष रुप से पढ़ाई के प्रति जागरूक रहकर शिक्षण कराया, जिसकी अपेक्षा इस वर्ष 2023 वार्षिक परिणाम 75%रहा। सर के प्रयास ओर मेहनत सफल सिद्ध हुई।

माँ संतोषी कम्प्यूटर आई.टी. ट्रेनिंग सेंटर का एक और प्रयाश

realme Shot by REBEL &

कैलाश कुमार-सह संपादक (युवा प्रदेश)

अनूपपुर/राजनगर। राजनगर क्षेत्र विगत 8 वर्षो से संचालित माॅ संतोषी कम्प्यूटर आई0टी0 ट्रेनिंग सेंटर क्षेत्र की एक मात्र ऐसी संस्था है जो कक्षा 6वी से उच्च कक्षा के बच्चो को कम्प्यूटर आई0टी0 इंजीनियर की ट्रेनिंग दे रहा है।इसी संस्था का मुख्य उद्देष्य बच्चो मे कम उर्म से ही स्कील डेवेलप कराना है ताकि बच्चा बड़ा होकर एक आई0टी0 एक्पर्ट इंजीनियर बन सके वही दुसरी ओर कक्षा दसवी से उपर के बच्चो को किसी भी विभाग मे कम्प्यूटर मे काम करने योग्य प्र शिक्षण के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय दर्जे के जॉब ओरिएंटेड कोर्स भी उपलब्ध कराता है विगत वर्षो मे संस्था द्वारा प्र शिक्षित 50 प्रतिषत विद्यार्थी कई क्षेत्रो मे कार्यरत है। अपने राजनगर क्षेत्र मे बच्चो को कम्प्यूटर आई0टी0 सेक्टर जो वर्तमान व भविष्य की एक महत्वपूर्ण समाजिक जरुरत है की ओर प्ररित करने व उत्साहवर्धन के लिए संस्था द्वारा समय-समय पर कई प्रोग्राम चलाया जाता है जिसमे क्षेत्र के समाजिक कार्यकर्ता एवं ड्ड वरिष्ठ व प्रतिष्ठीत लोगो व जनप्रतिनिधियो द्वारा मार्क शिट व प्रोत्साहन पुरस्कार का वितरण किया जाता है। वर्तमान समय मे संस्था द्वारा इसी प्रकार का 3 माह का प्रोग्राम जिसका नाम CSCT (Computer Skill Certificate Test) Session 2023 है चलाया जा रहा है। जिसके तहत् बच्चो का साप्ताहिक टेस्ट लिया जा रहा है और प्रथम आये विद्यार्थी को वरिष्ठ व प्रतिष्ठीत लोगो के द्वारा प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जा रहा है दिनांक 12.6.2023 को साप्ताहिक प्रोग्राम मे स्टूडेंट ऑफ द वीक बनी स्टूडेंट को हमारे राजनगर क्षेत्र के प्रतिष्ठित माननीय डॉक्टर बृजेश गुप्ता जी के द्वारा सीनियर ग्रुप में प्रथम आए एकता पनिका पिता-गुलाब दास पनिका माता-अनिता पनिका और माननीय डॉक्टर प्रेम नारायण जयसवाल जी के द्वारा जूनियर ग्रुप मे प्रथम आए प्राची जयसवाल पिता-मिठाईलाल जयसवाल माता-प्रियंका जयसवाल को स्टूडेंट ऑफ द वीक प्रमाण पत्र के साथ प्रोत्साहना पुरस्कार भी दिया गया।

सतपुड़ा के जिन मंजिलो में आग लगी है वहां मूलतः तीन विभाग है


स्वास्थ्य विभाग का रिकॉर्ड रूम, 12 हजार से ज्यादा फाइल
₹15 करोड़ में रिनोवेशन हुआ, खाली दफ्तर था
परिवार कल्याण, CM से जुड़े दस्तावेज
आदिम जाति विभाग के बजट से जुड़ी फाइलें

मुकेश अहिरवार

राजगढ़। 3,4,5वी व 6वी मंजिल में इनमें से किसी भी विभाग का टेंडर, प्रैक्योरमेंट संबंधित कोई भी कार्य नहीं होता है मूलतः यहां स्थापना संबंधित विभागीय कार्य होते है मुख्यमंत्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से फोन पर चर्चा कर सतपुड़ा में दुर्भाग्यपूर्ण आगजनी की घटना की जानकारी दी । मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी को आग बुझाने के प्रदेश सरकार के प्रयासों और केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों (आर्मी, एयरफोर्स,भेल, सीआईएएसएफ, एयरपोर्ट एवम अन्य)से मिली मदद से भी अवगत कराया । प्रधानमंत्री जी ने मुख्यमंत्री को केंद्र से हर संभव मदद का आश्वासन दिया जनजातीय क्षेत्रीय विकास कार्यालय, सतपुरा भवन में लगी आग में कार्यालय की नस्तियाँ और उपकरण आदि सब नष्ट हो गये हैं। इस कार्यालय का अधिकांश कार्य ऑनलाइन होता है, अतः कार्य प्रभावित नहीं होगा। कार्यालय में कोई विशेष sensitive दस्तावेज संधारित नहीं होते।

आम आदमी पार्टी जिला राजगढ़ जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव

मुकेश अहिरवार

राजगढ़। मध्य प्रदेश भाजपा में जन्म ले चुकी कांग्रेस के कुकृत्य भाजपा को भुगतने पड़ रहे हैं, भाजपा का असली कार्यकर्ता निराश उदास पार्टी से खुद को मानसिक रूप से दूर कर चुका है,,,, राजगढ़ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में महिलाओं को दबाव पूर्वक एकत्रित करने के मामले पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने चुटकी लेते हुए कहा कि प्रदेश के राजगढ़ में कल शिवराज सिंह की होने वाली सभा में भीड़ नहीं लगने का अंदेशा भांप कर प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए महिला बाल विकास,,, स्वास्थ्य विभाग ,,,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं को विभागीय अधिकारियों के द्वारा दबाव डाल कर राजगढ़ जाने के लिए मजबूर किया जा रहा है,, श्री यादव ने कहा की सूत्रों के अनुसार महिलाओं के खाते में 1000 डाल कर उसके बदले उन्हें राजगढ़ मुख्यमंत्री की आम सभा में दबाव डाल कर जाने के लिए महिला बाल विकास के अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आदेश जारी किए गए हैं ,,,वही ग्राम पंचायत सरपंच सचिवों को गाड़ी और बसों की व्यवस्था के लिए दबाव डाल कर निर्देशित किया गया है, ताकि मुख्यमंत्री की सभा में ज्यादा भीड़ दिखाई जा सके ,,, अबकि आम जनता मुख्यमंत्री के झांसे में नहीं आने वाली इस आशंका के चलते शिवराज सिंह साम दाम दंड भेद अपनाकर राजगढ़ में भीड़ जुटाने के लिए मदारी वाला तमाशा चालू कर चुके हैं,,, जिसका जिले भर में विरोध भी शुरू हो चुका है,,आप के जिला अध्यक्ष ने कहा मुख्यमंत्री की आम सभा से भाजपा कार्यकर्ता स्वयं को दूर कर चुका है ये शिवराज और जिले की भाजपा जान चुकी है,,इसलिए अब 1000 रूपी रिश्वत डाल कर मुख्यमंत्री अपनी डूबती नैया बचाने की असफल कोशिश में लगे है।

‘शिव’ के राज में अब स्वाभिमान से जीवन जिएंगी लाड़ली बहनें

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)

आद्या दीक्षित
(ब्रांड एम्बेसडर,मध्यप्रदेश शासन
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान।)

बीते ज़माने में सुनते थे घर की बेटी बहु को हर तीज त्यौहार बुला कर खूब दे ले कर विदा किया जाता था जिस से उनके ससुराल में उनकी साख बने और वो आत्मसम्मान से जी सकें। उनकी आत्मनिर्भरता बहुत हद तक इस पर भी निर्भर करती थी कि वो अपने साथ कितना समान ले कर आई है यानि दहेज। इसका प्रभाव यूं हुआ कि लड़कियों ने घर में अपना हिस्सा लेना छोड़ दिया या ये कह लें कि घर वालों ने उन्हें उनका हिस्सा देना छोड़ दिया कि समय समय पर तो देना ही है जीवन भर। इस तरह विवाहित कन्या भार बनती चली गई और उसे ढोना एक बोझा एक जिम्मेदारी मात्र रह गया। पढ़े-लिखे संभ्रांत समाज में संभवतः ये आंकड़ा कम हो मगर आम जन मानस की भावनाऐं लगभग यही रहीं। मध्यप्रदेश स्त्री विमर्श में आरंभ से अध्येता रहा है, यहां की सरकार और सरकार के मुखिया आधी आबादी को सशक्त करने अपनी भागीदारी सदैव सुनिश्चित करते आए हैं, चाहे लाड़ली लक्ष्मी हो, सुकन्या समृद्धि हो, मातृत्व अवकाश, जननी सुरक्षा, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना हो या संपत्ति की भागीदारी हो शासन ने हमेशा महिला हितैषी योजनाएं बनाई हैं। ये योजना बनाना जितना नवोन्मेषी कार्य रहा उस से अधिक साहसी था उन्हें ज़मीनी स्तर पर क्रियान्वयित कराना जो कि मध्यप्रदेश के पूरे प्रशासनिक अमले और स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा सार्थक किया गया। इसी श्रेणी में हालिया योजन लाड़ली बहना आरंभ हुई है। 10 जून को ऐतिहासिक रुप से मध्यप्रदेश के प्रत्येक संभाग जिले विकासखंड पंचायत स्तर पर योजना की पहली किश्त का हितग्राहियों के खातों में पहुंचना किसी नारीवादी क्रांति से कम नहीं माना जा सकता। जब मुझे मध्यप्रदेश शासन ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाया था और प्रदेश भर के छोटे बड़े जिलों में मेरा जाना हुआ तब मंचीय कार्यक्रमों में भी महिला सहभागिता उंगलियों पर गिने जाने जितनी थी, और घर के भीतर जा कर किसी से मिलो, बात करो और कहो कि अपनी बिटिया को स्कूल भेजना है या यूं कि इसकी सेहत का ध्यान रखना है या केवल यह कि इसे सपने देखने दो..तो घर की मां, दादी-नानी, बुआ-मामी सब के चेहरे एक झेंपी हुई अकुलाहट से मुस्कुरा जाते थे, कुछ कह देते थे दीदी पीसा लगतपढ़ावे में हम तो कमाउत नहीं, जिनके पापा बाबा पे वैसे ही खूब जिम्मेदारी, हमारी नई सुनें बे। कुछ कहतीं दीदी का हो जागो सपना देखनते, रहबो तो घरें ही परे, बनानेतो रोटी ही है। और कुछ पढ़े-लिखे घरों की चिंता होती कि पढ़ा के भी क्या होगा कौन सी नौकरी मिलेगी पढ़ाने में पैसा दो और घर में 3 रुपया भी न लौटे। ऐसी जानें कितनी आशंकाएं हर रोज़ मेरे सामने आतीं। जब कभी अकेले बैग उठा कर कहीं सुदूर निकल जाती हूं तो दृश्य बहुत कुछ अलग नहीं होता, हां ये ज़रूर होता है कि लोग अचंभा करते हैं देख कर कि इतनी सी लड़की अकेले अपने दम पर घूमने निकल आई जो मेरी तारीफ़ करती हैं वही भाभियां वही दीदियां खुद नहीं निकल पाती, क्यों? क्योंकी उनमें साहस नहीं है,किसी ने दिया ही नहीं कभी। क्योंकिवो आत्मनिर्भर नहीं हैं उन्हे सब्जी लेने भी अपने घर वाले से पैसे मांग कर जाना होता है। कुछ जो काम कर सकती हैं, करती हैं जो नहीं कर सकतीं उन्हें आजीवन ये ताने मिलते हैं। कोई बाहरी व्यक्ति न भी कहे तो स्वयं में होती कुंठा और धीरे-धीरे मरती इच्छाएं आकांक्षाएं आपको जड़ बना देती हैं। मैंने और आपने जानें कितने ऐसे किस्से, कितनी यंत्रवत हो चुकी स्त्रियां, कितनी घुटती आशाएं देखी होंगी अपने आस पास। बहुत बार कुछ की मदद भी की होगी अपने स्तर पर मगर एक इंसान कैनवास नहीं बदल सकता ।कभी-कभी आश्चर्य होता है कि कोई सरकार इतने ज़मीनी स्तर पर जा कर कैसे देख लेती है, कैसे उसे वो दिखता है जो चार दिवारी के भीतर है, जो मानव मस्तिष्क के अंदर घटित हो रहा है। और कभी गर्व भी हो जाता है कि जो होना चहिए वही हो रहा है और मैं उसमें सहभाग देने को उपस्थित हूं। हर घर की लक्ष्मी को लक्ष्मी से सज्जित करना और वो भी ऐसे सम्मान के साथ कि किसी के आत्माभिमान को चोट न पहुंचे, खैरात नही एक भाई की ओर से उसकी लाड़ली बहना को हर माह एक भेंट जिसे वो जैसे चाहे वैसे खर्च करे, अपने सपने पूरे करे, इच्छाएं दबाए नही, जी भर खाए, आए जाए, अपने बच्चों को जैसी चाहे शिक्षा दे, अब वो किसी पर निर्भर नहीं है। भले ही वो बाहर कमाने नहीं जा पा रही मगर घर में उसका भी हिस्सा आ रहा है वो भी घर के वित्तीय समावेशन में भागीदार है उसका भी अभिमत उतना ही मायने रखेगा जितना कमाने वाले हाथों का। हर माह की निर्धारित राशि और उसमें निरंतर वृद्धि की संभावना व्यवहारिक स्तर पर जितना प्रभाव डालेगी उस से कहीं अधिक प्रभाव मानसिक स्तर पर डालेगी।सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के वैश्विक मानकों में वित्तीय सशक्तिकरण सर्वाधिक महत्व का है। ढ्ढद्यह्लकी रिपोर्ट मानें तो महिलाओं की कम वित्तीय भागीदारी होने के कारण ही उनका दोयम दर्जे का स्तर है। मध्यप्रदेश की लाड़ली बहना उसे दोयम से उठा कर बराबरी पर लाने की दिशा में एक और प्रयास है। हालंकि कई लोगों का यह मानना है कि पितृसत्ता के कारण इन किश्तों पर आधिपत्य घर के मुखिया का ही रहेगा, यहां ये बात देखने की है कि पैसों का हस्तांतरण सीधे धारक के खाते में है जिसे वही निकाल सकती है। एक आशंका यह भी है कि उनकी नौकरी करने की आशाओं को इस से आघात पहुंच सकता है, कहा जा सकता है कि जब घर बैठे ही मिल रहे तो जाने की क्या ज़रूरत। मुझे लगता है कि इन आशंकाओं का जवाब स्वयं नारी शक्ति को देना होगा और समय के साथ वह मिलेगा भी। जब आप मन में कुछ ठान लेते हो और सरकार आपकी मदद करने को कटिबद्ध होती है समाज आपके साथ खड़ा होता है तो व्यक्ति को कोई नहीं रोक सकता। जिस द्रुत गति से इस योजना के फॉर्म भरे गए, लोगों ने इसमें जितनी उत्सुकता और मुस्तैदी दिखाई है वो इस बात का प्रमाण हैं कि मध्यप्रदेश में महिला हैतेशी सरकार के कदम केवल शासन की जिम्मेदारी तक सीमित नहीं रह गए हैं बल्कि एक जनांदोलन में परिवर्तित होते जा रहे हैं। लाड़ली बहना संपूर्ण देश को एक राह दिखाने वाली योजना के रुप में अपने परिणाम लाएगी ये विश्वास है। शासन प्रशासन समाज मैं और आप हर एक अपने अपने स्तर पर अपनी अपनी भागीदारी जिम्मेदारी निभाते रहे तो परिणाम सफ़ल व सार्थक ही होंगे। प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को खूब बधाई, सशक्त बनो समर्थ बनो।

आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

किसान अन्नदाता ही नहीं, भारत का भाग्य विधाता भी है रक्षा मंत्री श्री राज नाथसिंह

मुकेश अहिरवार राजगढ़

13 जून 2023, मोहनपुरा बांध, राजगढ़

राजगढ़। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि किसान अन्नदाता ही नहीं, भारत का भाग्य विधाता भी है। किसान के बेटों ने सीमाओं की रक्षा की है। भारत को ताकतवर बनाने के लिए किसानों को ताकतवर बनाना होगा। चाहे स्वतंत्रता की लड़ाई हो, वर्ष 1857 का संग्राम हो, चम्पारण का सत्याग्रह हो या गुजरात के बारडोली का आंदोलन, किसानों ने अंग्रेजों की चूल्हें हिला दी थीं। आज मध्यप्रदेश में इस किसान-कल्याण महाकुंभ में किसानों की बड़ी संख्या में उपस्थिति हर्षित करने वाली है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में विकास और किसान, गरीब, बेटियों आदि सभी के लिये करिश्माई कार्य कर रहे हैं। वे जनता के लिये तहे दिल से कार्य कर रहे हैं। जनता उन्हें कितना अधिक प्यार करती है, यह आज मैं देख रहा हूँ। रक्षा मंत्री श्री सिंह राजगढ़ जिले में किसान-कल्याण महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में राज्य सरकार 4 हजार रूपये के स्थान पर अब 6 हजार रूपये की राशि प्रतिवर्ष किसानों को प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रूपये प्राप्त होते हैं। इस प्रकार अब किसानों को मिलने वाली यह राशि 12 हजार रूपये वार्षिक हो जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना में ऐसे परिवार भी लाभान्वित होंगे, जहाँ ट्रेक्टर हैं। ट्रेक्टर को चार पहिया वाहन की श्रेणी में नहीं माना जायेगा। इन परिवार की बहनों को भी 1000 रूपये प्रतिमाह मिलेंगे। उन्होंने कहा कि खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। राज्य सरकार खाद-बीज के अग्रिम उठाव का 3 माह का ब्याज भी भरेगी। उन्होंने किसानों से कहा कि समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी शीघ्र ही शुरू होगी। केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह और मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना-2023 में 11 लाख किसानों के खाते में 2 हजार 123 करोड़ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 44 लाख 49 हजार किसान के खाते में 2 हजार 900 करोड़, मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में 70 लाख 61 हजार किसान के खाते में एक हजार 400 करोड़, इस प्रकार 6 हजार 423 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। कार्यक्रम में किसानों के साथ ही बड़ी संख्या में बहनें एवं बेटियाँ एकत्र हुई। रक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भारत अब कमजोर देश नहीं है। किसी भी देश की हिम्मत नहीं कि आँख उठाकर हमारी ओर देखे। भारत के लोगों का विश्वास वसुधैव कुटुम्बकम में है। विष्व की धरा पर रहने वाले सभी लोगों को हम अपना मानते हैं। भारत किसी भी देश पर आक्रमण नहीं करता, यह हमारा चरित्र है। हम किसी को नहीं छेड़ेंगे, लेकिन कोई हमें छेड़ेगा, तो हम भी छोड़ेंगे नहीं। भारत इस पार नहीं, उस पार जाकर भी आतंकवादियों और हमलावरों को सबक सिखा सकता है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक के फैसले से जग-जाहिर हो चुका है। केन्द्रीनमय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि महिलाओं को सेना में महत्व दिया जा रहा है। अब वे बड़ी संख्या में न सिर्फ सेना में आ रही हैं, बल्कि नेतृत्व के लिए भी तैयार हुई हैं। प्रमुख नौसेना युद्धपोत की प्रमुख भी महिला है। नए भारत के निर्माण में बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बहनों की भागीदारी बढ़ाने का कार्य किया है।

मध्यप्रदेश में शिवराज जी कर रहे करिश्माई कार्य

रक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि किसान-कल्याण सहित विभिन्न क्षेत्रों में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने करिश्माई कार्य किया है। उन्हें स्मरण है कि जब वे कई वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौहान के निमंत्रण पर किसान सम्मेलन में मध्यप्रदेश आए थे, तब किसानों को 4 प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलता था, जिसे उन्होंने शून्य प्रतिशत तक लाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानों के हित में एक नहीं अनेक कदम उठाए हैं। यह उनके संवेदनशील होने का प्रमाण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की तरह मुख्यमंत्री श्री चौहान भी जन-कल्याण के लिए करिश्माई नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं। राजगढ़ की इस सभा में मौजूद विशाल जन-समुदाय भी इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनता की काफी सेवा की है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि किसान अन्नदाता, जीवनदाता और भाग्य-विधाता हैं।

थाना भालूमाड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में हुए दोहरे हत्याकांड के तीनों आरोपी पुलिस हिरासत में,

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

CRIME SCEN
MURDER
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

अनूपपुर। दिनाँक 13.06.2023 को 10:30 बजे फरियादी नरेश प्रजापति पिता मैकू प्रजापति निवासी बरबसपुर के द्वारा इस आशय की सूचना दी हुई कि छोटन रजक, भरत रजक एवं छोटन रजक की पत्नी सुबरी बाई रजक तीनों निवासी ग्राम बरबसपुर थाना भालूमाड़ा के द्वारा जमीनी रंजिश के कारण विजय प्रजापति, उसकी मां ताराबाई, पत्नी जयंती प्रजापति के साथ धारदार टंकियां, फरसा, तलवार एवं लाठी से मारपीट करने लगे मारपीट के दौरान जयंती प्रजापति एवं ताराबाई की मृत्यु हो गई एवं विजय प्रजापति व एक अन्य के हाथ पैर में चोट लगने से घायल हो गए जिन्हें कोतमा चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेंद्र सिंह पवार के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन एवं एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल को पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन श्री डीसी सागर के द्वारा घटनास्थल पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए बिंदुवार त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु ?30,000/- के पुरस्कार की घोषणा की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक राजन के द्वारा एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल के नेतृत्व में थाना भालूमाड़ा एवं साइबर सेल की विशेष टीम गठित कर तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। गठित विशेष टीम के द्वारा अनुसंधान की वैज्ञानिक पद्धति का सहारा लेते हुए घटना के फरार तीनो आरोपियों 01. छोटन रजक,02. भरत रजक एवं घटना के बाद से फरार छोटन की पत्नी सुबरी बाई रजक को भी पुलिस हिरासत में लिया गया है। जिनसे घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। आरोपियों के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया है। ग्राम बरबसपुर में स्थिति सामान्य एवं पूर्णता नियंत्रित है तथा अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। दोहरे हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेंद्र सिंह पंवार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल के नेतृत्व में थाना भालूमाड़ा व साइबर सेल की गठित विशेष टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की बुरी फजीहत आने वाले चुनावों में भाजपा को भारी नुकसान का अंदेशा

वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)

अनूपपुर । कोरोना वायरस को लोग अब लगभग पूरी तरह से भूल चुके।लेकिन भारतीय जनता पार्टी के राज में कोरोना काल से ट्रेनों में जो ग्रहण लगा वह आज तक लगा हुआ है।भारतीय रेलवे कहने को तो एक है लेकिन इसमें भी संदेह आज भी बना हुआ है।भारतीय जनता पार्टी के राज में मालगाड़ियों को वरीयता की प्रथम श्रेणी में रखा गया है। इसके चलते यात्री ट्रेनों को बीच रास्ते में खड़ा कर दिया जाता है और मालगाड़ियों को एक के पीछे एक धड़ाधड़ गंतव्य की ओर रवाना कर दिया जाता है।गर्मी के माहौल में यात्रियों की बुरी फजीहत ट्रेनों में बैठे बैठे हो जाती है।पीने के पानी के लिए लोग तरस जाते हैं।लेकिन एसी के अंदर बैठे रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगती। जिसका परिणाम है की ट्रेनें कई कई घंटों विलंब से चलती रहती हैं।मेमू ट्रेनों की हालात किसी से छुपी हुई नहीं है।

आज भी छोटे-छोटे स्टेशनों पर ट्रेनों के स्टॉपेज बहाल नहीं किए गए।जिससे पूरा व्यापार प्रभावित है।लेकिन रेलवे का प्रतिनिधित्व केंद्र में करने वाली सांसद पूरी तरह से चुप्पी साधे हवाई यात्रा,एसी ट्रेन में यात्रा कर अपने कार्यकाल को पूरा कर रही है।अब जनता ऐसी सांसद को चुनना कभी पसंद भी नहीं करेगी।जिस बहुमत से,जिस उम्मीद से सांसद को विजई बनाया गया था वह सांसद लोगों के सपनों में पानी फेरने का काम कर रही है। एक भी ट्रेन का स्टॉपेज वह नहीं करा पाई।अन्य सांसद अन्य क्षेत्र की शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए काफी कुछ कार्य करा कर जनता को सहूलियत दी।लेकिन शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद केवल पत्राचार तक सीमित रह गई। लेकिन रेल मंत्री ने एक सोची समझी साजिश के तहत अपने सभी सांसदों को वाह वाही लूटने के लिए चुनाव को देखते हुए एक पत्र जारी करते हैं और सांसद के पूर्व पत्रों का हवाला देकर ट्रेनों के स्टॉपेज घोषित करते हैं।जिसे आम जनता अच्छी तरह से समझती है। विधानसभा लोकसभा चुनाव काफी नजदीक है और निश्चित ही रेलवे जो सबसे सस्ता आवागमन का साधन है वह लोगों को सुविधा देने में आज भी आनाकानी कर रहा है। अधिकांश छोटे-छोटे स्टेशन के लोगों ने मन बना लिया है की ट्रेन नहीं तो वोट नहीं।जिसका परिणाम भारतीय जनता पार्टी को आने वाले चुनाव में भोगने के लिए तैयार रहना पड़ेगा।उनके कोई भी जनप्रतिनिधि रेलवे के मामले में फिसड्डी साबित हो रहे हैं।रेलवे द्वारा संचालित 2-2 अंत्योदय ट्रेन पूरी तरह से बंद हो गई।चिरमिरी से चंदिया ट्रेन को स्पेशल बनाकर चिरमिरी से अनूपपुर के मध्य संचालित किया जा रहा है। रीवा-चिरमिरी प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन सप्ताह में 3 दिन चल रही है।इसी तरह चिरमिरी-अनूपपुर प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन सप्ताह में 3 दिन चल रही है। जिससे रेलवे के राजस्व में भारी नुकसान हो रहा है और यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिससे रेल मामले को लेकर भाजपा की चारों तरफ बुरी फजीहत हो रही है।लेकिन किसी को इससे कोई लेना-देना नहीं।एक समय था जब ट्रेन राइट टाइम ही नहीं बल्कि बिफोर स्टेशनों पर पहुंच जाती थी।अब वह लोगों के लिए सपना बनकर रह गई।रेलवे केवल मालगाड़ियों पर पूरा ध्यान दे रही है उन्हें यात्री ट्रेनों से कोई लेना-देना नहीं। जिसके कारण यात्रियों की चिंता करने वाला कोई नजर नहीं आ रहा।स्पेशल ट्रेन बनाकर कम से कम एक स्टेशन का किराया 30 रुपए निर्धारित है।चाहे आप मेमो ट्रेन में यात्रा करें या एक्सप्रेस में।लेकिन उड़ीसा में जहां से रेल मंत्री राज्यसभा सदस्य हैं वहां पर ट्रेनों का किराया कम से कम मेमो ट्रेन में 10 रुपए है।जबकि एक्सप्रेस ट्रेनों में 30 रुपए है। इतनी बड़ी विसंगति के बाद भी किसी भी नेता ने लोकसभा राज्यसभा में इस बात को नहीं उठाया यह लोगों की समझ से परे है।केवल न्यायालय में बात जाने पर रेलवे के किराए की विसंगति सही हो सकती है।अन्यथा रेलवे की मनमानी सबकी नजरों पर है कोई बोलने वाला नहीं।कोई सुनने वाला नहीं। निश्चित ही विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा को रेल मामले को लेकर भारी नुकसान उठाना पड़ेगा इसका अंदेशा भाजपा को भी नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस सचिव श्रीधर शर्मा ने साथियों के साथ प्रियंका वाड्रा का संस्कारधानी में किया भव्य स्वागत

वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)

अनूपपुर (ब्यूरो) मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर वरिष्ठ नेताओं के आवागमन का दौर प्रारंभ हो चुका है और इसी कड़ी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका वाड्रा का संस्कारधानी जबलपुर में आगमन होने से कांग्रेसियो में बेहद उत्साह व्याप्त था और कई हज़ार कांग्रेसियों ने जबलपुर की धरती पर प्रियंका वाड्रा का भव्य स्वागत किया। प्रियंका वाड्रा के आगमन ने प्रदेश भर में कांग्रेस पार्टी और पदाधिकारियों सहित समस्त वरिष्ठ,कनिष्ठ कार्यकर्ताओ को उत्साहित किया और सभी ने मां नर्मदा के पूजन अर्चन के उपरांत मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त कर आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी लोकप्रिय नेता प्रियंका वाड्रा के साथ जीत की हुंकार भरी।मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्रीधर शर्मा ने अपने साथियों के साथ जबलपुर में उपस्थित होकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका वाड्रा से सौजन्य भेंट कर ÷नर्मदे हर÷ के साथ उनका अभिवादन किया और प्रियंका वाड्रा ने समस्त साथियों के साथ मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ से रूबरू होते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए मध्यप्रदेश विजय की हुंकार भरी। समस्त कार्यकर्ताओ ने अपनी लोकप्रिय नेता की हुंकार को बुलंदी प्रदान करते हुए संस्कारधानी जबलपुर में कांग्रेस के विजयश्री को लेकर कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कहते हुए बुलंद हौसले का आभास कराया। जिस प्रकार से कांग्रेसियों ने जबलपुर की धरती पर आगामी विधानसभा चुनांव को लेकर हुंकार भरने का आगाज किया है,कहीं न कहीं विपक्ष को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है।

कमिश्नर ने अटल बिहारी यादव ग्राम रोजगार सहायक के विरुद्ध एफआईआर के आदेश

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा ने शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत बिजौरी में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक अटल बिहारी यादव के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता एवं धोखाधड़ी में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल को दिए हैं। आयुक्त कार्यालय में अटल बिहारी यादव द्वारा कलेक्टर कार्यालय में पारित आदेश के विरुद्ध अपील दायर करने पर प्रकरण में उन्हें दोषी पाए जाने पर आदेश जारी किया गया है। ज्ञात हो कि ग्राम रोजगार सहायक अटल बिहारी यादव एवं पंचायत सचिव द्वारा मिलकर आदिवासी हितग्राही दुसैयाबाई निवासी ग्राम बिजौरी को वित्तीय वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दो किस्तों में कुल राशि 70 हजार रुपए हितग्राही के खाते में नहीं डाल कर किसी अन्य व्यक्ति लल्लू सिंह के खाते में उक्त राशि डाल कर अवैधानिक रूप से राशि आहरित किए जाने संबंधित वित्तीय अनियमितता प्रमाणित पाए जाने पर उक्त आदेश दिए गए हैं। जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने से भविष्य में किसी भी अन्य शासकीय सेवक, सचिव, रोजगार सहायक के द्वारा इस प्रकार के कृत्य अनियमितता की पुनरावृत्ति ना हो सके।

भीम आर्मी, भारत एकता मिशन शहडोल, का बैठक हुआ संपन्न !

कैलाश कुमार -सह संपादक (युवाप्रदेश)

शहडोल। दिनांक 11 जून को शहडोल होटल मोती महल में भीम आर्मी का संभागीय स्तर बैठक संपन्न हुआ ! जिसमें मुख्य रूप से मौजूद भीम आर्मी प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य श्री सुनील कुमार रामपुरे जी एवं श्री राधेश्याम रजक जी आजाद समाज पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री भोपाल से आए ! भीम आर्मी की शहडोल संभाग अध्यक्ष अनिल अहिरवार, और भीम आर्मी सोशल मीडिया आई टी सेल संभाग प्रभारी पत्रकार सलाम अंसारी, भीम आर्मी संभाग प्रभारी हरी चौधरी, एवं शहडोल जिला अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, अनूपपुर जिला अध्यक्ष नेमशाह राठौर, उमरिया जिला अध्यक्ष अजेश चौधरी तीनों जिला अध्यक्ष , बैगा विकाश संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय भारतीय जी बहुजन समाज पार्टी, के पुराने कार्यकर्ता भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी की सदस्यता लिए ! इस बैठक का उद्देश्य, तीनों जिले में नवनियुक्त, भीम आर्मी के जिला महासचिव, जिला प्रभारी , जिला सह संयोजक, ब्लॉक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष, का नियुक्ति पत्र के साथ सम्मान करना था ! भीम आर्मी भारत एकता मिशन व आजाद समाज पार्टी के हजारों कार्यकर्ता मीटिंग में उपस्थित रहे, जिसमें मुख्य रूप से नारी सशक्ति भी बैठक में उपस्थित रहीं !

राजगढ़ ज़िले में भारत के माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह भारत सरकार, एंव माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान म.प्र. शासन का भ्रमण कार्यक्रम मोहनपुरा डैम राजगढ़ में प्रस्तावित है

मुकेश अहिरवार राजगढ़

इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए 13 जून 2023 को सुबह 06 बजे से रात्रि 08 तक निम्न डायवर्ट रोड़ निर्धारित किए गये है ब्यावरा की ओर से जयपुर, राजस्थान जाने वाले भारी वाहन ब्यावरा से पचोर, खुजनेर, जीरापुर मार्ग से होते हुए राजस्थान जाएगे द्य राजस्थान की ओर से ब्यावरा जाने वाले भारी वाहन जीरापुर, खुजनेर होते हुए पचोर मार्ग से जाएगे द्य राजस्थान से भोजपुर मार्ग से आने वाले भारी वाहन राजगढ़ में खिलचीपुर नाके से खुजनेर होते हुए पचोर मार्ग से जाएगे द्य सुबह 06ः00 बजे से रात 8:00 बजे तक भारी वाहन खिलचीपुर से राजगढ़ होते हुए ब्यावरा जाने और ब्यावरा से राजगढ़ होते हुए खिलचीपुर जाने के लिए पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा



नोट- परिस्थिति अनुरूप सुचारू यातायात व्यवस्था बनाने के लिए व्यवस्था में परिवर्तन किये जा सकते है ।।

नरयावली विधानसभा के ग्राम फतेहपुरा ग्राम में अपनों के बीच बैठकर

कैलाश कुमार- सह संपादक (युवाप्रदेश)

अपनों से अपनी बात कार्यक्रम के संयोजक लीलाधर अहिरवार द्वारा नरयावली विधानसभा के ग्राम फतेहपुरा ग्राम में अपनों के बीच बैठकर गॉव में समस्याओं पर चर्चा की गई व उनको प्राथमिकता के क्रम में चिन्हित किया गया उक्त बैठक में गॉव के विभिन लोग शामिल रहे अपनों से अपनी बात टीम की और से अजाक्स के संभागीय महासचिव रामचरण अहिरवार, जिला महासचिव राजू पामाखेड़ी, किसान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष व पूर्व सैनिक कल्याण संघर्ष संगठन के संस्थापक अभिनय श्रीवास पामाखेड़ी के बड़कुल श्री शंकर लाल अहिरवार, उक्त ग्राम के परमानंद, हीरालाल, सेवकराम, खिलान, कमलेश, प्रताप ,कमलेश,गोलू,चिंतामन, शिवराज, शेवचरन आदि शामिल रहे।

अपनों से अपनी बात कार्यक्रम

युवाप्रदेश न्यूज नेटवर्क

सागर। अपनों से अपनी बात कार्यक्रम के संयोजक लीलाधर अहिरवार द्वारा आज नरयावली विधानसभा के ग्राम परसोरिया में अपनों के बीच पहुँच कर अपनी बात की व गॉव की समस्याओं को प्राथमिक क्रम में चिन्हित किया जो शासन प्रशासन से हल करवाने हेतु सामूहिक प्रयास किये जायेंगे। आज के अपनों से अपनी बात कार्यक्रम के अवसर पर परसोरिया के श्रमिक नेता शहीद फेमस, अजाक्स की और से हरजू प्रसाद,चरण अहिरवार, राकेश पवार, खचोड़ी खान, आशाराम अहिरवार, ब्रजेश पटेल, आदि शामिल रहे।

संत कबीर दास जी महाराज की 626 वी जयंती का आयोजन आगा चौक जबलपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल

कबीरदास जी महाराज जयंती
कार्यक्रम में पधारे समस्त आगंतुकों का
स्वागत वंदन

जबलपुर। संत कबीर दास जी महाराज समारोह समिति जबलपुर के तत्वाधान में दिनांक 4 जून 2023 को संत कबीरदास जी की 626 वी जयंती का सफल आयोजन श्री संतोष झारिया के निवास स्थान आगा चौक जबलपुर मैं संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर कैंट क्षेत्र के विधायक श्री अशोक रोहाणी जी थे। अतिथि द्वय श्री रिंकू विज नगर निगम अध्यक्ष और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जबलपुर अध्यक्ष शिवा चौधरी थे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री निशान्त झारिया पार्षद रांझी और संदीप जैन समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष थे! कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एन पी झारिया ने की। कार्यक्रम में अतिथियों ने संत कबीरदास जी द्वारा बताए मार्गो पर चलने की बात की और अतिथियों ने बताया कि कबीर दास जी ने आज जो हो रहा है उसकी परिकल्पना 600 वर्ष पूर्व ही कर दी थी । समाज की ओर से वक्ता डॉ.भगवत झारिया ने अपने विचार रखते हुए कबीर दास जी के दोहे *जाति न पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान, मोल करो तलवार का पड़ी रहन दो म्यान* पर व्याख्यान देते हुए कहा कि ज्ञान ही सर्वोपरि है ज्ञान देने वाला व्यक्ति किसी भी जाति या समाज का हो सकता है। इस अवसर पर समिति सदस्यों की ओर से समस्त अतिथियों का शाल श्रीफल देकर और पुष्पमाला पहना कर सम्मान किया गया। समिति के संयोजकगण गणेश सिंह झारिया , अजय झारिया , संतोष झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत झारिया,वृंदावन झारिया सीएल झारिया, देवेंद्र झारिया ,भीकम झारिया,टी एस पंवार ,राजकुमार झारिया मुकेश झारिया, श्रीमती राधा झारिया, श्रीमती आरती झारिया,महेंद्र सिंह झारिया, मुन्नुलाल झारिया, हरि मेहरा, उपस्थित हुए। तथा विभिन्न समितियों की ओर प्रकाशचंद हल्दकार, रामप्रसाद हल्दकार, सुखदीन कटारे, बाबूलाल रैकवार, वैद्यनाथ पटेल,मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन अजय झारिया और आभार प्रकट श्री संतोष झारिया ने किया।

वार्ड नंबर 4 सूरजपोल शमशान रोड नरसिंहगढ़

मुकेश अहिरवार

राजगढ़। वार्ड नंबर 4 बीजेपी के पूर्व पार्षद के ग्रहनिवास स्थान से लेकर शमशान तक दोनों ओर की नालियो की सफाई ठीक से नहीं की जाती हैं दोनों ही और की नालियां काफी लंबे समय से भरी है उन्हें एक औपचारिक रूप से खाली किया जाता किंतु समस्या यथावत है नगर पालिका परिषद नरसिंहगढ़ की जल शाखा विद्युत शाखा और स्वच्छता शाखा के जिम्मेदार अधिकारियों पर समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी के खिलाफ उच्च स्तरीय शिकायत की जाएगी शमशान रोड सूरजपोल के विद्युत पोल पर प्रकाश की व्यवस्था नही होने के कारण हर समय घना अंधेरा छाया रहता है नगर पालिका परिषद नरसिंहगढ़ सीएमओ महोदया से निवेदन है विद्युत शाखा प्रभारी अपने पद के प्रति घोरलापरवाह गैरजिम्मेदार रवैये के कारण सूरजपोल शमशान रोड के विद्युत पोल पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने के कारण रात के घने अंधेरे में राहगीरों को हर समय हर पल जहरीले जीव जंतुओं के कारण जान का खतरा बना रहता है ईश्वर ना करें किसी राहगीर को रात के घने अंधेरे में जहरीले जीव जंतुओं के द्वारा राहगीर को काट लिया जाता है तो इस विकराल समस्या का जवाबदार कौन होगा लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटाकर उन्हें धरातल पर गड्ढे खोदने पर लगाया जाना चाहिए जल शाखा विद्युत शाखा एवं स्वच्छता शाखा प्रभारी बनाए जाने से पूर्व योग कर्मठ इमानदार तथा सभी दस्तावेजों की योग्यता रखते हो ऐसे कर्मचारी को संबंधित शाखाओं का प्रभार दिए जाना लोकहीत एवं जनमानस के हित में उचित होगा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद नरसिंहगढ़ से निवेदन है वार्ड क्रमांक 4 सूरजपोल शमशान रोड के स्थानीय निवासियों के द्वारा दिनांक 29,05,23 को अधो हस्ताक्षर कर विधिवत रूप से एक लिखित आवेदन पत्र शमशान के स्थानीय निवासियों के द्वारा प्रस्तुत कर आपसे निवेदन किया गया था जिसका निराकरण आज दिनांक तक आप के द्वारा नहीं किया गया स्थानीय निवासियों के द्वारा सफाई व्यवस्था ठीक से संचालित नहीं होने से दुखी होकर नाली एवं रोड की नियमित सफाई एवं कौन-कौन से सफाई कर्मीयो की ड्यूटी यहां इस रोड पर लगाई गई है स्थानीय निवासियों के द्वारा सभी सफाई कर्मियों के ड्यूटी आदेश उनके नाम एवं मोबाइल नंबर के साथ बोर्ड लगाकर लिखा जाए जिससे कि स्थानीय निवासी यह जान सके की इस रोड पर कितने कर्मचारियों की ड्यूटी है और उन सभी का ड्यूटी समय कितना है बोर्ड पर मोबाइल नंबर अंकित किए जाने पर उन से सीधा संपर्क किया जा सके पानी की विकराल समस्या को देखते हुए स्थानीय निवासियों के द्वारा आपसे निवेदन किया गया है कि हेड पंप को खत्म कर उसमें 2 हॉर्स पावर की मोटर डाल कर 2000 लीटर की पानी की टंकी की व्यवस्था की जाने की मांग भी की गई जिससे एक समय एक से अधिक व्यक्ति पानी भर सके और इस विकराल तपती कड़ी धूप में लोगों को निजात मिल सके



मोबाईल नंबर भी सार्वजनिक रूप से बोर्ड लगाकर उस पर चस्पा किये जावें साथ ही मोहल्ले नियमित रूप से कीटनाशक(मच्छर/मक्खी मारने की दवाई) का छिड़काव कराया जावे ।

2. श्रीमानजी पेयजल की समस्या के वैकल्पिक निराकरण हेतु हेण्डपंप के पास लगभग 02 हजार लीटर की पानी की टंकी रखी जाकर हेण्डपंप में मोटर डालकर टंकी में पानी एकत्रित किया जावे जिससे कि मोहल्लेवासी एक ही समय में एक से अधिक व्यक्ति पानी भर सकें और समय पर अपने सभी कार्य संपादित कर सकें ।

3. श्रीमानजी स्ट्रीट लाईट में खराब लाईट को परिवर्तित कराया जाकर नई स्ट्रीट लाईट लगवाई जाये जिससे कि रात्रि के समय होने वाली घटनाओं से मोहल्लेवासी बच सके तथा किसी को किसी प्रकार की कोई क्षति कारित न हो ।

अतः निवेदन है कि आवेदन पत्र पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुये उक्त समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण कराने की कृपा करें ।

दिनांक–26/05/2023
स्थान–नरसिंहगढ

निवेदक
समस्त निवासी वार्ड क्रं 04 शमसान रोड बजरंग मोहल्ला नरसिंहगढ

9174337852
लक्ष्मीनारायण

जिला अजाक्स ने महामहीम राष्ट्रपति महोदया के नाम सौपा ज्ञापन

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)

सागर। शौर्य जब सो जाये तो बिरसा मुंडा को पढ़ लेना। अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेने वाले वीर क्रांतिकारी सूर्य जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 123 वी शहादत दिवस पर जिला अजाक्स कार्यालय में मोमबत्ती जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। तत्पश्चात श्रीमति छाया अहिरवार को जिला अजाक्स में सचिव पद का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके बाद महामहीम राष्ट्रपति के नाम 10 करोड़ रूपये का स्कार्लरशिप घोटाला की सी.बी.आई. जांच करवाने एवं आपराधिक मुकदमा दर्ज करवाने तथा आरोपियों से वसूली करने कलेक्टर महोदय द्वारा तहसीलदार रोहित रघुवंशी को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि 10 करोड़ रूपये का स्कालरशिप घोटाला की सी.बी.आई. जांच करवाई जाए। एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. वर्ग के फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाने का षडयंत्रकारी योजना में शामिल व कुटरचित दस्तावेज निर्माण में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ भा.दं.सं. की विभिन्न अपराध धाराओं में पंजीबद्ध किया जाये। स्कालरशिप घोटाले में सभी आरोपियों से 10 करोड रूपये ब्याज सहित आर्थिक रिकवरी की जावे। विदेश अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति योजना से अभतक लाभार्थी छात्रों के जाति प्रमाण पत्रों की भी एक स्कूटनी कर जांच करा ली जावे की मांग की गई। ज्ञापन सौपनें वालों में गजेन्द्र बोहत जिलाध्यक्ष अजाक्स सागर, चन्द्रभान रोहित तहसील अध्यक्ष सागर, एम.एल. चौधरी, अनिल सोनकर, प्रदीप अहिरवार, डॉ. कमलेश अहिरवार, संभागीय अध्यक्ष नाजी, श्रीमति छाया अहिरवार, अजय कुमार गौड़, प्रीतम अहिरवार, राजेन्द्र सनकत, भूपेन्द्र घारू, मोहित मेना, हरिशंकर अहिरवार, आदि अजाक्स के पदाधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त श्री मालसिंह पहुँचे राजगढ़

मुकेश अहिरवार

राजगढ़। भोपाल संभाग आयुक्त श्री मालसिंह ने राजगढ़ जिले के मोहनपुरा डैम पहुंचकर 13 जून को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में होने वाले किसान सम्मेलन की व्यवस्थाओं का कलेक्टर श्री हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र कुमार सिंह के साथ जायजा लिया। उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत कार्यक्रम में बेहतर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए उल्लेखनीय है कि 13 जून को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान राजगढ़ जिले में आयोजित किसान महाकुंभ में मोहनपुरा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का लोकार्पण, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत प्रदेश के किसानों के खातों में राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण और प्रदेश के किसानों के ऋण की ब्याज माफी की राशि का अंतरण के अलावा प्रदेश के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दावों की राशि प्रदान करेंगे। इस दौरान आवासीय भू-अधिकार पत्रों का वितरण और विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण / भूमिपूजन भी होगा।

देहात ब्यावरा पुलिस टीम द्वारा गौवंश को अवैध रुप क्रूरतापूर्बक भरकर लेजाने एवं अवैध शराब का अवैध रुप से परिवहन कर ले जाने वालों पर की कार्यवाही

मुकेश अहिरवार

OPPO Reno6 Pro 5G

राजगढ़। कुल 04 आरोपियो से एक कन्टेनर टीएस 12 युसी 1742 मे भरे 35 नग बेल कैडे एवं 80 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची अवैध शराब कुल कीमती 18,32,000/- का मशरुका जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार करने मे की सफलता प्राप्त* जिला पुलिस कप्तान श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भापुसे) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद के कुशल नेतृत्व मे जिले मे अवैध गतिविधियो एवं अवैध शराब के काम धंधो मे लिप्त अपराधियो पर अंकुश लगाने व आरोपियो के विरुद्ध प्रभावी कार्यावाही करते हुये एंव एसडीओ(पी) ब्यावरा श्रीमती नेहा गौर थाना देहात ब्यावरा मे गौवंश की अवैध रुप से तस्करी एवं अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब के 04 आरोपियो को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की।

दिनांक 08.06.23 को दौराने कस्बा भ्रमण सउनि एससी यादव को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गुना रोड तरफ से एक कंटेनर क्रमांक ज्ञस्-12 ष्ट-1742 में अबैध रूप से पशु भरकर ग्वालियर से नागपुर तरफ ले जाया जा रहा है। जिसकी सूचना तस्दीक हेतु राजगढ चौराहा पर पहुंचकर राहगीर को तलब कर मुखबिर सूचना से अवगत कराकर हमराह लेकर अस्पताल तिराहा ब्यावरा पहुचे। जहाँ उक्त नम्बर का कंटेनर क्रमांक ज्ञस्-12 ष्ट-1742 का इंतजार करने लगे। कुछ देर बाद कंटेनर क्रमांक ज्ञस्-12 ष्ट-1742 आता दिखा। जिसे हमराह फोर्स व पंचान की मदद से रोका तो कंटेनर का चालक कंटेनर को भगाने का प्रयास करने लगा जिसे घेरावंदी कर पीछा कर रोका तो कंटेनर मे से चार ब्यक्ति पुलिस को देखकर खेतो मे भागने लगे जिन्हे हमराह फोर्स की मदद से चारो लोगो का पीछा किया जो खेतो और बागडो मे गिरते पडते भागने लगे जिनके हाथ पैरो मे गिरने पडने से चारो को मामूली चोटे लगी उक्त चारो को पकड़कर पंचान के समक्ष नाम पता पूछा एक व्यक्ति ने अपना नाम ईमरान जाति मुसलमान उम्र 47 साल निवासी कादला जिला सामली उ.प्र. एंव दूसरे ने अपना नाम इस्तकार मुसलमान उम्र 32 साल निवासी कान्दला जिला सामली उ.प्र. तीसरे ब्यक्ति ने अपना नाम सलमान जाति मुसलमान उम्र 24 साल निवासी कैलाशपुर जिला साहरनपुर उ.प्र. एंव चौथे ब्यक्ति ने अपना नाम सहवान मुसलमान उम्र 25 साल निवासी कैलाशपुर जिला साहरनपुर उ.प्र. का होना बताया। पकडे गये ब्यक्ति से समक्ष पंचान कंटेनर वाहन का गैट खुलबाकर चैक करने पर कंटेनर के अन्दर 35 नग बैल केडे ठूंस-ठूंस कर क्रूरता पूर्वक भरे पाये गये। जो छोटी-छोटी रस्सियों से डाले के अन्दर कुन्दों से बंधे थे। सही ढंग से बैठ व खडे नहीं हो पा रहे थे। जिन्हें ठूंस-ठूंस कर क्रूरतापूर्वक भरे थे। जिन्हें जगह-जगह चोटें लगकर खून निकल रहा था। उक्त गोवंश को बध हेतु परिवहन किया जा रहा था। कंटेनर को बारीकी से चैक करने पर बैल केडो के आगे 02 नीले रंग की प्लास्टिक की 40-40 लीटर क्षमता वाली दो कुप्पियां भी रखी हुयी थी। जिन्हें समक्ष पंचान ढक्कन खोलकर चैक किया जिनमें तरल पदार्थ भरा था।

तरल पदार्थ को सूंघ चखकर पंचानों को सुंघाया चखाया तो दोनों कुप्पियों में हाथ भट्टी की 80 लीटर कच्ची शराब कीमती 16,000/- रूपये की भरी होना पाया। जिन्हें रखने के सम्बन्ध में उक्त चारो व्यक्तिओं से लाईसेंस चाहा जो नहीं होना बताया। जो जुर्म धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दंडनीय पाया जाने से दोनों कुप्पियों को जब्त कर मार्क॰ तथा मार्क क्क दिया जाकर मार्क॰ में से 01-01 लीटर के दो सेम्पल प्लास्टिक की कुप्पियों में भरकर मार्क॰1,॰2 दिया गया तथा मार्क क्कमें से 01-01 लीटर के दो सेम्पल प्लास्टिक की कुप्पियों में भरकर मार्क क्क1, क्क2 दिया गया।

तहसील देवरी के ग्राम पिपरिया कलां में बिजली की गंभीर समस्या के निराकरण के लिए क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

देवरी से संवाददाता हल्के वीर

देवरी। प्रत्येक मानव जीवन को मूलभूत समस्याओं के अलावा बिजली की भी परम आवश्यकता होती है। ऐसा ही मामला तहसील देवरी के ग्राम पंचायत पिपरिया कलां का है जहां पर दलित बस्ती है लगभग 50 दिन से ग्रामीण वालों को बिजली नहीं मिल पा रही है। इस भीषण गर्मी में भी जैसे तैसे करके अपना गुजारा कर रहे हैं। जब ग्राम में बिजली की समस्या ज्यादा हो गई तब अपनी समस्या के निराकरण के लिए क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल के निज निवास पर जाकर ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर मांग की कि जल्द से जल्द वहां पर लाइट की व्यवस्था की जाए। बिजली की समस्या को लेकर दलित वर्ग के लगभग 250 लोग परेशान। 20 दिन से इस मोहल्ले में लाइट बिल्कुल भी नहीं आ रही है, कारण ग्राम के दबंग लोगों द्वारा लाइट की जबरन अनावश्यक खपत की जा रही है, अपने निजी स्वार्थ के लिए वहीं दूसरी ओर दलित वर्ग के जितने भी घर हैं इस समस्या को लेकर बहुत ही ज्यादा परेशान है। ग्राम की समस्या के निराकरण के लिए ग्राम सरपंच सीताबाई भी शामिल है,साथ ही यदि इस समस्या का निराकरण नहीं होता है, तब यह समाज मतदान का बहिष्कार करेगा इसलिए विशेष निवेदन के साथ आग्रह किया गया कि ग्राम पंचायत पिपरिया कलां में जल्द से जल्द लाइट की व्यवस्था की जाए।



REDMI NOTE 11T 5G

ग्राम पंचायत कोंडा जमुनिया में 2 किसानों के घर हुई चोरी, 5 लाख के जेवर 2 लाख 70 हज़ार नकदी लेकर फरार हुए चोर, पुलिस जांच में जुटी

देवरी से संवाददाता हल्के वीर

देवरी। थाना देवरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोंडा जमुनिया में 12.06. 2023 की रात्रि समय 12ः00 से 3ः00 के बीच चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया ग्राम कोड़ा जमनिया के नरेंद्र पटेल जो कि किसान हैं।गल्ला व्यापारी भी हैं। पूर्वत कीमत की बात करें तो लगभग 300000 तीन लाख आज की कीमत लगभग 5 लाख के जेवरात 270000 नगदी मकान के पीछे के गेट का कुंदा खोल कर चोरी कर ले गए। पीछे दो-तीन खेतों के बाद एक सूटकेस मिला जिसमें सारे जेवरात रखे थे। सूटकेस तोड़कर जेवरात निकाल ले गए सूटकेस वही खेत पर एवं सारे डिब्बे खेत पर फेंक गए। घर के अंदर कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है, बक्सा पेटी सब खोल कर सामान निकाल कर बाहर फेंका और चोरी को अंजाम दिया नरेंद्र पटेल का कहना था कि हम ऊपर लेंटर में सो रहे थे। समझ नहीं पाए और यह लोग नीचे पीछे से घुसकर चोरी को अंजाम दिया लगभग 3ः00 बजे रात में पानी गिरने की वजह से नीचे उतर कर आए जब देखा तो सब सामान बिखरा पड़ा था। वहीं दूसरी ओर किसान सनत किरार के घर भी लगभग 1 लाख रुपए से ज्यादा जेवर और नगद ले गए। रात में ही 100 नंबर को फोन लगाया 100 नंबर से जानकारी मिली गाड़ी खराब है। सुबह स्वयं थाना देवरी जिला रायसेन जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। एएसआई कमलेश सिंह राजपूत देवरी द्वारा जानकारी दी गई धारा 357, 470 कायम कर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर ली गई है।

परसाई की दो व्यंग्यात्मक कहानियों का मंचन- दिखाता है समाज को दूसरा चेहरा / किया नुक्कड़ नाटक

संवाददाता हल्के वीर

हरिशंकर परसाई जी द्वारा लिखित भगत की गत व्यंग्य में एक भगत ने भक्ति के नाम पर पांखड करते हुए सामाजिकता को हानि पहुँचाई। भगवान ने उन्हें नरक भेजने का आदेश दिया। भागते हुए भगत को यमदूतों ने पकड़कर सीधा नरक भेज दिया। एक धार्मात्मा बनने का शौक रखनेवाले भगत की यही गत हो गई। दो नाक वाले लोग सामाजिक जीवन के भीतर किन्ही कारणों से महत्वपूर्ण हो गए व्यक्तित्वों के दोमुही जिंदगी को बेनक़ाब करने वाली व्यंग्य प्रधान कहानी है, जो उनकी कुरीतियों भरे चेहरे को सामाजिक आईने के सामने लाकर खड़ा कर देती है और इंसान अपनी नाक को देखकर कितना घबरा उठता है और सोचता है काश यह बुरा काम न करता तो नाक कटने से बच जाती। मंच पर कलाकार वर्षा, हर्ष मलैया, हरिसेवक रहे। नगर जैथारी के युवा रंगकर्मी , अभिनेता हरिसेवक अहिरवार ने इनका मंचन ग्राम डुंगरिया (जैथारी) में मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत किया, हरिसेवक इससे पहले नाट्य विद्यालय के पूर्व छात्र भी रहे हैं वर्तमान में सक्रिय रूप से रंगकर्मी और अभिनेता के तौर पर काम कर रहे हैं आप चंद्रगुप्त, वाराह मिहिर, ए मिड समर नाइट्स ड्रीम, सब ठाठ पड़ा रह जाएगा, आनंद मठ और अन्य 15 से अधिक नाटकों और कई टीवी एडवर्टाइजिंग में अभिनय कर चुके हैं। आपने देश के वरिष्ठ रंगकर्मी, संगीत नाटक अकादमी अवार्डी अभिनेता श्री आलोक चटर्जी जी के सानिध्य में अभिनय की बारीकियां सीखी, आप देश के वरिष्ठ अभिनेता और रंग निर्देशकों श्री रंजीत कपूर, श्री देवेन्द्रराज अंकुर , श्री गोविन्द नामदेव, श्री लोकेन्द्र त्रिवेदी, श्री सत्यव्रत राऊत, श्री टीकमजोशी, श्री मति शोभा चटर्जी, और अन्य वरिष्ठ रंगकर्मीयों से नाट्यकला का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

कांग्रेस की सरकार बनते ही नारी सम्मान योजना तत्काल लागू की जाएगी : फुन्देलाल सिंह मार्को

वीरेंद्र कुमार गुप्ता

अनूपपुर। विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में नारी सम्मान की बात की है।उसी के तहत नारी सम्मान योजना लांच की जाएगी।इसमें हर महिला को 1500 रुपए हर महीने कांग्रेस की सरकार उनको देगी। उक्त आशय के सारगर्भित विचार नारी सम्मान योजना के तहत पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खोढ़री (जोड़ा तालाब के पास) आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के पूर्व अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को ने मुख्य अतिथि की हैसियत से उपस्थित विशाल महिलाओं के जनसमूह को संबोधित करते हुए कही।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत जैतहरी,सम्माननीय समस्त जिला पंचायत सदस्य अनूपपुर एवं जनपद सदस्यगण,ज.पं.जैतहरी सम्माननीय समस्त सरपंच,उपसरपंच,पंचगण ज.पं.जैतहरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शीला सिंह,सरपंच ग्राम पंचायत खोढ़री ने की।इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं से कांग्रेस ने नारी सम्मान योजना के फार्म भरवाए एवं कहां की कांग्रेस की सरकार बनते ही इसका लाभ महिलाओं को मिलना प्रारंभ हो जाएगा।आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से नारी सम्मान के फॉर्म भरवाए गए। कांग्रेस का कहना है कि अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो कांग्रेस प्रदेश भर की महिलाओं के लिए नारी सम्मान में प्रतिमाह 1500 देगी।इस कारण महिलाओं के फॉर्म भरवाए जा रहे हैं।कांग्रेस की सरकार आने के बाद इन्हीं फॉर्म के आधार पर महिलाओं को प्रति माह 1500 प्रतिमाह दिए जाएंगे,इसके साथ ही गैस सिलेंडर 500 रुपए के दाम पर दिए जाएंगे। पुष्पराजगढ़ विधायक एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष फुन्देलाल सिंह मार्को ने नारी सम्मान के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा उठाए जा रहे कदमों को सार्थक बताते हुए सरकार आने के बाद इन घोषणाओं को तुरंत ही अमल में लाने की बात कही है।कांग्रेस सरकार आने के बाद महिलाओं को अलग से फॉर्म नहीं भरने होंगे इन्ही फॉर्म के आधार पर सम्मान निधि मिलेगी।महिलाओं को 500 रुपए में सिलेंडर और नारी सम्मान के लिए 1500 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने बताया कि हमारी नारी सम्मान योजना महिलाओं के लिए है। महंगाई की मार से आज के समय में कोई भी तबका इससे अछूता नहीं है।इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलेगा और 1500 रुपए महिलाओं को दिया जाएगा यह हमारी कांग्रेस सरकार बनने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस नारी सम्मान योजना के फार्म कांग्रेस कार्यकर्ता शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में लोगों के घर घर जाकर महिलाओं के नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरवा रहे हैं उस पर सरकार बनते ही शत-प्रतिशत अमल किया जाएगा।

नरयावली विधानसभा में पहुँचे लीलाधर अहिरवार की अपनों से अपनी बात

कैलाश कुमार - सह संपादक(युवाप्रदेश)

सागर/ नरयावली। आपको बता दे कि दिनांक 9 जून 2023 देश के जाने-माने किसान नेता भारत जोड़ो अभियान के प्रमुख एवं स्वराज अभियान के संयोजक श्री योगेंद्र यादव जी एवं दिल्ली के प्रोफेसर डॉ अजीत झा पूर्व विधायक श्री पंकज जी एवं उनकी टीम अल्प प्रवास पर आई उनसे एक मुलाकात अपनो से- अपनी बात अभियान के संयोजक लीलाधर अहिरवार अजाक्स के संभागीय महासचिव श्री रामचरण अहिरवार जिला महासचिव राजू पामाखेड़ी अहिरवार समाज के बड़कुल श्री शंकर लाल अहिरवार एवं पूर्व सैनिक कल्याण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक किसान संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष जन आवाज मंच के भोपाल कार्यालय प्रभारी एवं संयुक्त किसान मोर्चा जिला सागर की जिला अध्यक्ष अभिनय श्रीवास ने एक सहज एवं सरल मुलाकात हुई इस चर्चा में सागर जिले की नरयावली विधानसभा क्रमांक 40 के इस विधानसभा में हमारी टीम ने अपनी दावेदारी रखते हुए स्थानीय मुद्दे पर चर्चा करें साथ ही संयुक्त किसान मोर्चा ने मौजूदा हालात में कर्नाटक की परिस्थिति को देखते हुए मध्यप्रदेश में भी विपक्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मिलकर काम करने की रणनीति पर चर्चा हुई तुलाराम आठिया जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

अपनों से अपनी बात कार्यक्रम 03

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)

नरयावली। अपनों से अपनी बात कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम संयोजक लीलाधर अहिरवार द्वारा नरयावली विधानसभा के ग्राम गडोली खुर्द में अपनों से अपनी बात की गई जिसमें गॉव की समस्याओं को प्राथमिकता के क्रम में चिन्हित किया गया व समस्याओं को हल करने हेतु शासन प्रशासन स्तर पर हल करवाने की रणनीति तैयार की गई इस कार्यक्रम के अवसर पर अजाक्स संभाग महासचिव रामचरण अहिरवार जी जिला महासचिव राजू पामाखेड़ी जी,किसान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष पूर्व सैनिक अभिनय श्रीवास ,गोविंद सिंह लोधी, महेश अहिरवार जी, धर्मेंद्र जी,आदि शामिल रहे।

अनूपपुर जिला मुख्यालय में 24 जून को कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आयोजित- प्रेम कुमार त्रिपाठी

वीरेंद्र कुमार गुप्ता (अनूपपुर)

अनूपपुर । मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अनूपपुर प्रेम कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार दिनांक 24 जून, 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे पूरे प्रदेश के साथ ही जिला मुख्यालय अनूपपुर में में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है जिसमें जिले भर के कांग्रेस जनों की उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस का धरना प्रदर्शन गत् माह उज्जैन महाकाल लोक में आंधी तूफान से भारी भरकम भ्रष्टाचार एवं घोटालो से निर्मित सप्त ऋषियों की 6 मूर्तियां गिरकर खंडित हो गई। साथ ही 12 जून को प्रदेश के सतपुड़ा भवन में लगभग 20 घंटे तक अग्नि कांड से भवन में रखे सरकारी महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं 20 करोड़ रूपये के फर्नीचर जलकर राख हो गए,मंत्रालय के समीप फायर स्टेशन होने के बावजूद भी इतने व्यापक स्तर पर अग्निकांड हुआ प्रदेश की जनता इस अग्नि कांड की निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर बार-बार बिजली कटौती हो रही है,इस भीषण गर्मी में आमजन एवं किसान काफी परेशान है।प्रदेश में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार,घोटाले एवं बढ़ती महंगाई रसोई गैस,डीजल, पेट्रोल के दामों पर भारी वृद्धि,बेरोजगारी,महिलाओं,अबोध बालिकाओं पर हो रहे अत्याचार आदि के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन जिला मुख्यालय में आयोजित है। जिले में धरना प्रदर्शन को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रदर्शन में जिला एवं ब्लाकों के समस्त पदाधिकारियों, प्रदेश पदाधिकारी,विधायक,सांसद,प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि, पूर्व विधायक,मोर्चा संगठनों,विभाग प्रकोष्ठों के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों,स्थानीय संस्थाओं के जनप्रतिनिधि मण्डलम, सेक्टर के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी अनिवार्य रूप से भाग लेंगे।

मिसेस एशिया इंडिया सौंदर्य प्रतियोगिता में अनामिका सिंह ब्रैंड एंबेसडर के खिताब से नवाजी गई : बढ़ाया जिले का गौरव

गंगाधर चौधरी

शहडोल। मुश्किल नहीं है कुछ दुनिया में तू जरा हिम्मत तो कर ख्वाब बदलेंगे हकीकत में, लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, पंखों से नहीं हौसलों से उड़ान भरी जाती है मंजिल उन्हें मिलती है जिनके सपनों में जान होती है। अपने लक्ष्य को साधते हुए बुढार जैसी छोटी नगरी की प्रतिभा सामने आई अनामिका सिंह ने सौंदर्य प्रतियोगिता के क्षेत्र में बुढार का नाम संभाग में ही नहीं प्रदेश में नाम रोशन किया। श्रीमती अनामिका सिंह ने यह साबित कर दिया कि मेहनत परिश्रम के बदौलत अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। शहडोल जिले के बुढार सिंधी बाजार वार्ड क्रमांक 13 की निवासी अनामिका सिंह मिसेस एशिया इंडिया सौंदर्य प्रतियोगिता में ब्रैंड एंबेसडर के ताज से दिल्ली में नवाजी गई। 3 जून को मिसेस एशिया इंडिया का सौंदर्य प्रतियोगिता पाम ग्रीन रिसोर्ट नई दिल्ली में आयोजित की गई जिसमें देश के प्रत्येक प्रांतों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें मध्य प्रदेश ईस्ट जोन से श्रीमती अनामिका सिंह ने प्रतियोगिताओं के कई पहलुओं को पार करते हुए मिसेस एशिया इंडिया सुंदर प्रतियोगिता की ब्रैंड एंबेसडर चुनी गई जिन्हें सुप्रसिद्ध अभिनेत्री अंजलि राघव मोटो गर्ल ग्रूमर एवं अभिनेता सार्थक चौधरी प्रायोजक डॉक्टर रितु राकेश ने चांदी से गढी गई ताज पहनाकर सम्मानित किया। तीन पहलुओं को पारकर मिला ताज मिसेस एशिया इंडिया सौंदर्य प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगिता के 3 प्रतियोगिताओं से गुजरने के बाद जिसमें मध्य प्रदेश के सांस्कृतिक परिधान बघेली संस्कृति नृत्य कला प्रतियोगिता रैंप वॉक का बेहतर प्रदर्शन करने के बाद ब्रैंड एंबेसडर का ताज हासिल हुई। मैं उस प्रांत की बेटी हूं जहां स्वच्छता को सर्वोपरि महत्त्व दिया जाता है श्रीमती अनामिका सिंह ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि मुझे यह सम्मान मिलते ही आंखों से आंसू छलक पड़े उन्होंने सभी प्रतिभागियों का आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि मैं उस प्रदेश की बेटी हूं जहां स्वच्छता को सर्वोपरि महत्व दिया जाता है जहां मां नर्मदा नदी का उत्पत्ति हुई है जहां सभी धर्म के मंदिरों का निर्माण हुआ है और आपसी भाईचारे के साथ एक दूसरे के त्योहार में शामिल होते हैं। आयोजकों के निर्णय का स्वागत करती हूं ।

अवैध रूप से मादक पदार्थों का परिवहन करने वालों पर बोड़ा पुलिस ने कसा शिकंजा

मुकेश अहिरवार

राजगढ़। अवैध रूप से मादक पदार्थों का परिवहन निश्चित रूप से चिंता का विषय है जिसके चलते जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह (भापुसे) ने ऐसे अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए जिले की टीम को लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के फल स्वरुप लगातार कार्यवाही भी जा रही है परंतु अपराधी भी नए-नए तरीकों से अवैध मादक पदार्थों के परिवहन को अंजाम दे रहे हैं। थाना बोड़ा पुलिस ने ऐसे ही तीन गांजा तस्कर को गिरफतार कर गांजा जप्त करने में सफलता हासिल की है मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम ढाबला तरफ से झाडपीपलया होते हुए बोड़ा तरफ एक सफेद कलर RJv|CBz615 इक्को कार आ रही है। जिसमें तीन व्यक्ति हैं। और अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने की फिराक में है। यदि तुरन्त कार्यवाही की जाती है तो आरोपीयों को गांजा सहित पकड़ा जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने से सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु रवाना होकर ग्राम झाडपीपल्या पहुचकर गाड़ी का इंतजार किया। मुखबीर द्वारा बतायी गाड़ी आती दिखी जिसे घेराबंदी कर रोका। जिसमें तीन व्यक्ति बैठे थे। मुखबीर की सूचना सही होना पाया जाने से उक्त तीनों व्यक्तियों को हमराह फोर्स व पंचान की मदद से अभिरक्षा में लिया व नाम पता पूछा तो वाहन चालक आशिक अली शाह उम्र 24 साल तथा दूसरे व्यक्ति से नाम पूछा तो उसने अपना नाम शकील शाह उम्र 19 साल व तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम नोशाद शाह 21 साल निवासी पीडावा जिला झालावाड़ राजस्थान का बताया, जब उक्त व्यक्तियों की तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से कुल 4 किलो 800 ग्राम गांजा करीब 72,000 रुपये अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं एक इक्को कार कीमत लगभग 5,00,000 विधिवत जप्त किया गया। आरोपियों का कृत्य एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय पाया जाने से गांजा को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 167/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कायमी कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि संदीप सिंह मीणा, सउनि मांगीलाल शिवहरे, प्रआर शाकिर खान, आर. पंकज जाट, आर. बंटी बघेल का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस थाना बोड़ा
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. Mo 7587621485

BCCI ने ICC को भेजा शेड्यूल ड्राफ्ट

भारत-पाकिस्तान वर्ल्ड कप मैच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में, ओपनिंग मुकाबला इंग्लैंड-न्यूजीलैंड के बीच

मुंबई

क्रिकेट का वन डे वर्ल्ड कप अक्टूबर से नवंबर के बीच भारत में खेला जाएगा। BCCI ने मैचों का शेड्यूल ड्राफ्ट तैयार कर ICC को भेज दिया है। ड्राफ्ट के मुताबिक, टूर्नामेंट की शुरुआत 5 अक्टूबर को अहमदाबाद से होगी। ओपनिंग मैच इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा।

भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच यानी भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 15 अक्टूबर को खेला जाएगा। ये मैच अहमदाबाद में एक लाख दर्शक क्षमता वाले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। वर्ल्ड कप फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

क्रिकेट वेबसाइट ESPN-CRICINFO के मुताबिक, यह शेड्यूल ड्राफ्ट ICC ने वर्ल्ड कप खेलने वाली सभी टीमों को भेज दिया है। उनका फीड बैक लेने के बाद अगले हफ्ते फाइनल शेड्यूल जारी किया जाएगा। 2015 और 2019 में हुए वन डे वर्ल्ड कप का शेड्यूल एक साल पहले जारी कर दिया गया था। 2023 वर्ल्ड कप का शेड्यूल अभी तक फाइनल नहीं हुआ है। टूर्नामेंट शुरू होने में 4 महीने से कम का वक्त बचा है। 27 मई को BCCI के सचिव जय शाह ने कहा था कि वर्ल्ड कप का शेड्यूल वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के दौरान जारी कर दिया जाएगा। शेड्यूल में देरी के चलते ही ICC वर्ल्ड कप मुकाबलों के लिए टिकटों की डिटेल भी जारी नहीं कर पाया है।

एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) एशिया कप के लिए पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड (PCB) का प्रस्ताव मंजूर कर सकती है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, PCB ने प्रपोजल दिया है कि भारत के सभी मैच श्रीलंका में कराए जाएं और बाकी मुकाबले पाकिस्तान में हों। ACC एशिया कप को लेकर आधिकारिक ऐलान मंगलवार यानी 13 जून को कर सकती है। इसके बाद पाकिस्तान के भारत में वर्ल्ड कप खेलने का रास्ता भी साफ हो जाएगा।

ACC के एक मेंबर ने बताया कि सीईओ जिऑफ एलार्डिस और चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने कराची में PCB के चेयरमैन नजम सेठी से मुलाकात की थी। इस मीटिंग में ही यह स्पष्ट कर दिया गया था कि पाकिस्तान वर्ल्ड कप में खेलने के लिए कोई शर्त नहीं रखेगा, क्योंकि एशिया कप के 4 मैच उसके देश में ही कराए जाएंगे।

जोकोविच सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले टेनिस स्टार

पेरिस। जोकोविच ने कैस्पर रूड को सीधे सेटों में हराया। यह मुकाबला 3 घंटे 13 मिनट तक चला। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने तीसरी बार फ्रेंच ओपन का खिताब जीत लिया है। 36 साल के इस स्टार ने नॉर्वे के कैस्पर रूड को मेंस सिंगल्स के फाइनल में 7-6, 6-3, 7-5 से हराया। वे 7वीं बार फाइनल मुकाबला खेल रहे थे। जोकोविच का यह 23वां ग्रैंड स्लैम टाइटल है। उन्होंने राफेल नडाल के 22 टाइटल के खिताब को पीछे छोड़ा है। वे मेंस टेनिस में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी बने हैं। जोकोविच फ्रेंच ओपन जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने 36 साल 20 दिन की उम्र में यह कारनामा किया है। जोकोविच ने राफेल नडाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है। राफेल ने पिछले साल 36 साल 2 दिन की उम्र में यह खिताब जीता था। जोकोविच ने लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम भी जीता है। उन्होंने जनवरी महीने में ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था।

स्लो ओवर रेट के कारण भारत-ऑस्ट्रेलिया पर जुर्माना, टीम इंडिया पर 100% और ऑस्ट्रेलिया पर 80% फाइन

नई दिल्ली

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) फाइनल में स्लो ओवर रेट के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारत और ऑस्ट्रेलिया पर जुर्माना लगाया है। वहीं टीम इंडिया के ओपनर शुभमन गिल पर भी अंपायर के फैसले को सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने के लिए फाइन किया गया है।

WTC फाइनल 7 से 11 जून के बीच इंग्लैंड के ओवल ग्राउंड पर खेला गया। टीम इंडिया पर स्लो ओवर के लिए मैच फीस का 100 प्रतिशत और ऑस्ट्रेलियाई टीम पर मैच फीस का 80 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। भारत ने निर्धारित समय में 5 ओवर कम फेंके थे। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 4 ओवर कम फेंके थे। ICC ने टीम इंडिया के ओपनर शुभमन गिल पर भी अंपायर के फैसले का विरोध करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेने पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। हालांकि उन्हें 115 प्रतिशत देना पड़ेगा क्योंकि टीम पर भी 100 प्रतिशत जुर्माना है।

दरअसल, टीम इंडिया की दूसरी इनिंग में गिल का कैच कैमरन ग्रीन ने पकड़ा। इस कैच को लेकर डाउट था। ऐसा लग रहा था कि गेंद जमीन में पहले लगी है। हालांकि थर्ड अंपायर ने कैच को सही करार देते हुए गिल को आउट करार दिया था।

WTC फाइनल में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया ने 209 रनों से हराया। 444 रन का टारगेट चेज करते हुए भारतीय टीम आखिरी दिन के पहले सेशन में 234 पर ऑलआउट हो गई। दूसरी पारी में भारत का कोई बैटर 50+ का स्कोर नहीं कर सका। विराट कोहली (49 रन) टॉप स्कोरर रहे।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 270/8 के स्कोर पर घोषित की और भारत को जीत के लिए 444 रन का टारगेट दिया। भारतीय टीम पहली पारी में 296 रन पर ऑलआउट हो गई, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 469 रन पर ऑल आउट हुई थी।

व्यापार

बाजार भाव

किराना :- शक्कर 3725-3750, खोपरा गोला 120-140, खोपरा बूरा 2000-3800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 505-510, ऊंझा हल्का 515-525, मीडियम 520-525, बेस्ट 530-540, हल्दी निजामाबाद 130-140, सांगली 170-175, साबूदाना हल्का 6600-6700, मीडियम 6750-6850, बेस्ट 7450-7500, वर लक्ष्मी 7500, सौंफ मोटी 220-223, मीडियम 240-256, बेस्ट 288-290, सौंफ बार?क 190-225, कालीमिर्च एटम 520-522, गरबल 511-515, मटर दाना 565-575, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 125-145, बेस्ट 155-165, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 525-550, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 725-750, एवरेज 675-700, सिंगापुरी 690-700, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1350-1360, मैदा कट्टा 1360-1370, रवा कट्टा 1390-1400, बेसन 3350 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1300-1400, (160) 1500-1600, (200) 1550-1650, (250) 1700-1750

तेल :- सींगदाना 1590-1600, मुम्बई 1590, राजकोट तेलिया 2500, सोया साल्वेंट 835-840, सोया रिफाइंड 870-875, कपास्या 810, धूलिया 820, कड़ी 820,

तिलहन :- सरसो 5800-5900, रायडा 4400-4600, सोयाबीन 5050-5100, एवरेज 4700-4900, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

दलहन :- चना कांटेवाला बेस्ट 5100-5150, एवरेज 4950-5075 विशाल 4950-5050,

मई में 4.25% पर पहुंची, खाने-पीने के सामान की कीमतें घटने का असर

फुटकर महंगाई दर 2 साल के सबसे निचले स्तर पर

नई दिल्ली

देश में फुटकर महंगाई दर मई में घटकर 4.25% पर आ गई है। यह 25 महीनों में महंगाई का सबसे निचला स्तर है। अप्रैल 2021 में महंगाई 4.23% रही थी। खाने-पीने की चीजों के दाम में गिरावट के कारण महंगाई में यह कमी आई है। इससे पहले अप्रैल 2023 में रिटेल महंगाई दर 4.70% रही थी।

ग्रामीण महंगाई दर 4.68% से घटकर 4.17% पर आ गई है। शहरी महंगाई दर 4.85% से घटकर 4.27% पर आ गई है। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (CPI) के बास्केट में लगभग आधी हिस्सेदारी खाने-पीने की चीजों की होती है। मई में खाद्य महंगाई दर घटकर 2.91त्न पर आ गई है। अप्रैल 2023 में यह 3.84% और मार्च में 4.79% रही थी।

महंगाई घटना इकोनॉमी के लिए अच्छा संकेत

महंगाई में आई गिरावट को लेकर एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह इकोनॉमी के लिए अच्छा संकेत है। सप्लाई चेन में सुधार और कमोडिटी की कीमत में राहत का भी फायदा मिला है। हालांकि इस महीने हुई मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग की जानकारी देते हुए RBI गवर्नर ने कहा था कि महंगाई को लेकर चिंता और अनिश्चितता अभी भी बरकरार है। एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी CPI करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, CPI उसी को मापता है।

RBI कैसे कंट्रोल करती है महंगाई?

महंगाई कम करने के लिए बाजार में पैसों के बहाव (लिक्विडिटी) को कम किया जाता है। इसके लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) रेपो रेट बढ़ाता है। जैसे RBI ने अप्रैल और जून में रेपो रेट में इजाफा न करने का फैसला किया था। इससे पहले RBI ने रेपो रेट में लगातार 6 बार इजाफा किया था। RBI ने महंगाई के अनुमान में भी कटौती की थी। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वह ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी।

दुनिया का सबसे पतला फ्लिप फोन लॉन्च करेगा मोटोरोला

नई दिल्ली स्मार्टफोन मेकर कंपनी मोटोरोला जल्द भारत में मोटोरोला रेजर 40 अल्ट्रा लॉन्च करेगी। कंपनी ने दावा किया है कि यह दुनिया का सबसे पतला फ्लिप फोन होगा। मोटोरोला ने ऑफिशियल वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंट पर स्मार्टफोन को टीज किया है।

ऑनलाइन धर्मांतरण केस के बाद गेमिंग ऐप्स का रिव्यू होगा

नई दिल्ली

गाजियाबाद ऑनलाइन धर्मांतरण केस के मुख्य आरोपी खान शहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो को यूपी पुलिस ने रविवार को महाराष्ट्र ठाणे से अरेस्ट किया था।

गाजियाबाद में ऑनलाइन गेमिंग के जरिए धर्म परिवर्तन का मामला सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने सभी गेमिंग ऐप का रिव्यू करने का फैसला लिया है। केंद्रीय IT राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा- भारत में तीन टाइप के गेम्स पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले ऐप भी बंद होंगे। इसके लिए नियमों का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है।

ऑनलाइन गेम खिलाने की आड़ में चल रहे धर्मांतरण सिंडिकेट में गाजियाबाद पुलिस ने हाल ही में कार्रवाई की थी। इस सिंडिकेट के मुख्य आरोपी माने जा रहे खान शहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो को गाजियाबाद पुलिस ने रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले से गिरफ्तार किया था। बद्दो के खिलाफ 30 मई को गाजियाबाद के कविनगर थाने में FIR हुई थी।

DCP निपुण अग्रवाल ने बताया- पुलिस ने इस केस में तीन पीड़ित बच्चों से पूछताछ की है। इसमें पता चला है कि धर्मांतरण के तीन स्टेप थे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)